जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



What's so G.O.A.T. about it? Goat defines the sport not the other way round. Rocky's personal story is unique, inspirational; GOAT is an outlier that defies gravity.

Greater Protection

Super Gorgeous Ombré Nails Trends — Pick two nail polish shades & transform your nails



*द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का रविवार को 99 साल की उम्र में निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में उनका निधन हुआ। जानकारी के मुताबिक, उन्होंने अपने आश्रम में दोपहर 3 बजे के करीब अंतिम सांस ली। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। स्वरूपानंद सरस्वती हिंदुओं के सबसे बड़े धर्मगुरु थे। राम मंदिर के लिए भी उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी।*

# गैर अधिकृत नेता भी लड़ सकते हैं कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव

## कांग्रेस चुनाव समिति के अध्यक्ष मधुसुदन मिस्त्री ने कहा, जो भी नेता चुनाव लड़ना चाहते हैं वे अपना फॉर्म 10 कांग्रेस प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर के साथ जमा करवा सकते हैं

- **इस बीच खबर है कि, गांधी परिवार और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पूरी तरह से तय कर लिया है कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस की अध्यक्षता सौंपनी है।**
- **ग्रुप ऑफ-23 के सदस्य और केरल से सांसद शशि थरूर भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। उनके हालिया तेवर भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं।**
- **मधुसुदन मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, जो कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करना चाहता है, वह निर्वाचक मंडल में शामिल सभी 9,000 प्रतिनिधियों की सूची देख सकेगा। यह सूची 20 सितंबर से पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध होगी।**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। कांग्रेस में अध्यक्ष पद का चुनाव होने में अब कुछ ही दिन बाकी है। इस बीच सूत्र अपना दावा ठोक रहे हैं कि, गांधी परिवार और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पूरी तरह से तय कर लिया है कि, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कांग्रेस की अध्यक्षता सौंपनी है। इस वक्त सूत्र सबसे ज्यादा हावी हैं। मीडिया हलकों में सब तरफ इस तरह की चर्चा हावी है कि, कांग्रेस का अगला अध्यक्ष अशोक गहलोत ही होंगे।

वहीं खबर है कि ग्रुप ऑफ-23 के सदस्य और केरल से सांसद शशि थरूर भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। उनके हालिया तेवर भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

अब कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्ष पद चुनाव से जुड़ा हुआ एक अहम फैसला किया गया है। चुनाव प्रक्रिया को देख रहे कांग्रेस नेता मधुसुदन मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, जो कोई भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करना चाहता है, वह निर्वाचक मंडल में शामिल सभी 9,000 प्रतिनिधियों की सूची देख सकेगा। यह सूची 20 सितंबर से पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध होगी। इससे पहले हाल ही में शशि थरूर, मनीष तिवारी और कार्ति चिदंबरम सहित कांग्रेस के पांच सांसदों ने अपनी पार्टी को एक चिट्ठी लिखी थी और अध्यक्ष के चुनाव में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतने की मांग की थी।

मधुसूदन मिस्त्री कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा है कि, जो लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं वे अपने राज्य के 10 प्रतिनिधियों के नाम राज्य कांग्रेस कार्यालय में देख सकते हैं। उन्होंने सांसदों को लिखे एक पत्र में कहा कि, एक बार नामांकन पर हस्ताक्षर कर मुख्य रिटर्निंग अधिकारी को सौंप दिए जाने के बाद उन्हें प्रतिनिधियों की पूरी सूची मिल जाएगी।

उन्होंने कहा, "यदि कोई नेता विभिन्न राज्यों के दस समर्थकों से नामांकन प्राप्त करना चाहते हैं तो सभी 9000 से अधिक प्रतिनिधियों की सूची दिल्ली में मेरे कार्यालय में 20 सितंबर (सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे) को आकर देख सकते हैं।" उन्होंने कहा, "वे आ सकते हैं और सूची से अपने 10 समर्थकों (प्रतिनिधियों) को चुन सकते हैं और नामांकन के लिए उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर सकते हैं।" मिस्त्री ने अपने पत्र में यह भी कहा, "मुझे उम्मीद है कि, यह आपके और अन्य सहयोगियों की जरूरतों को पूरा करता है जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं शशि थरूर जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने आज मुझे फोन किया और मुझ से बातचीत की।"

इस कदम का स्वागत करते हुए थरूर ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, "मुझे खुशी है कि, यह स्पष्टीकरण हमारे पत्र के उनके रचनात्मक उत्तर के रूप में आया है। इन आश्वासनों से मैं संतुष्ट हूं। कई लोगों को खुशी होगी। मेरे विचार में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस में एक और इस्तीफा

- **असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री कमरुल इस्लाम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।**

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। एक तरफ राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के अंदर ही एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। एक के बाद एक इस्तीफों का दौर जारी है। इसी कड़ी में रविवार को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेट्री कमरुल इस्लाम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कमरुल ने अपने इस्तीफे की वजह पिछले कुछ महीने में पार्टी के अंदर दिशाहीनता और नेतृत्व में भ्रम को बताया है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में कांग्रेस से कई बड़े नेता इस्तीफा दे चुके हैं। हाल ही में गुलाम नबी आजाद ने भी इस्तीफा दे दिया था।

सोनिया गांधी को संबोधित अपने पत्र में कमरुल इस्लाम चौधरी ने पार्टी में खुद को मौके देने के लिए धन्यवाद दिया है। लेकिन उन्होंने पार्टी के वर्तमान हालात पर नाखुशी जाहिर की है। उन्होंने लिखा है कि पिछले कुछ महीनों में असम प्रदेश कांग्रेस में जिस तरह का माहौल है, उसने मुझे यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। साथ ही उन्होंने पार्टी में गलत गतिविधियों पर भी किसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का निधन

## वे द्वारका और ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य थे,उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भी अपना योगदान दिया था

- **वे 99 वर्ष के थे, 2 सितंबर 1924 में उनका जन्म हुआ था। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय वह भी आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।**
- **शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर सरकार भी सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि भगवा पहन लेने से कोई सनातनी नहीं बनता।**

अहमदाबाद, 11 सितम्बर। द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती का 99 साल की उम्र में निधन हो गया है। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में उनका निधन हुआ। जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपने आश्रम में दोपहर 3 बजे के करीब अंतिम सांस ली। कुछ दिन पहले ही उन्होंने अपना 99वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया था। 2 सितंबर 1924 में उनका जन्म हुआ था। वह द्वारका और ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य थे। देश की आजादी के लिए शंकराचार्य स्वरूपानंद ने अंग्रेजों का भी सामना किया था। उनका बचपन का नाम पोथीराम था। उन्होंने काशी में करपात्री महाराज से धर्म की शिक्षा ली थी। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के समय वह भी आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा। साल 1989 में उन्हें शंकराचार्य की उपाधि मिली थी। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट को लेकर सरकार भी सवाल खड़े कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि भगवा पहन लेने से कोई सनातनी नहीं बनता। उन्होंने कहा था कि जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट में कोई भी ऐसा शख्स नहीं है जो कि प्राण प्रतिष्ठा कर सके। उन्होंने धन को लेकर भी ट्रस्ट पर सवाल खड़े किए थे।

स्वरूपानंद सरस्वती हिंदुओं के सबसे बड़े धर्मगुरु थे।

राम मंदिर के लिए भी उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। उनके निधन के बाद आश्रम में लोगों को जमावड़ा शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त उन्होंने प्राण त्यागे उनके शिष्य ही वहां मौजूद थे।

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का अंतिम संस्कार सोमवार शाम को झोतेश्वर के राधा स्वामी मंदिर के बाहर भूखंड में भू समाधि दी जाएगी।

परमहंसी गंगा आश्रम के गंगा कुंड के पास अंतिम दर्शन के लिए शंकराचार्य के पाथिव शरीर को रखा गया है। शंकराचार्य के निज सचिव सुबुद्धानंद ब्रहाचारी ने बताया कि शंकराचार्य के ब्रहाचारी शिष्यों के द्वारा भू समाधि दी जाएगी। भक्तों को अंतिम दर्शन गुरू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चीन और भारत

- **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि , भारत में कामकाजी आबादी 2028 में चीन को पीछे छोड़ देगी।**

चेन्नई, 11 सितम्बर (वार्ता)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत में काम करने वाली आबादी 2028 में चीन को पीछे छोड़ देगी।

सीतारमण ने कल रात यहां भारतीय सूचना तकनीकी डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग संस्थान (आई.आई.आई.टी.डी.एम.) कांचीपुरम के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 2019 के आंकड़ों के अनुसार भारत की कामकाजी आबादी 2028 में चीन से आगे निकल जायेगी।

उन्होंने कहा कि 2036 में हमारी आबादी का 65 प्रतिशत कामकाजी आबादी के रुप में पहुंच जायेगी और यह 2047 तक उस स्तर पर रहेगी। जिन्होंने इस तरह के संस्थानों से स्नातक किया है उत्पादकता में अपना योगदान दें।

# अपनी ही सरकार के खिलाफ बोले कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी

## हेमाराम ने कहा, जनता को लूटा जा रहा, मेरे पास इतने फोन आए, नींद हराम हो गई

- **मेरे लिये पहले जनता है, उसके बाद सरकार है, लूटने वालों के साथ में खड़ा नहीं रह सकता : चौधरी**
- **'खनन स्वीकृति के बाद भी रॉयल्टी 45 रुपए टन है, जबकि इसकी जगह 550 रुपए टन से ज्यादा लिए जा रहे हैं।'**

बालोतरा, 11 सितम्बर (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कैबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी ने अपनी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मंत्री हेमाराम चौधरी ने बाड़मेर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बजरी खनन को लेकर जनता को लूटा जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैंने खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया को फोन करके बता दिया है। आने वाले दिनों में अगर बजरी खनन की लूट को नहीं रोका गया तो मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा। बजरी 550 रुपए टन से ज्यादा भाव में बेची जा रही है। रायल्टी पर्ची 40 रुपए के आसपास काटी जा रही है। खनन माफिया एक तो सरकार राजस्व का नुकसान कर रहे हैं। दूसरा जनता को लूट रहे हैं।

चौधरी ने कहा कि बजरी खनन को लेकर लोगों के इतने फोन आते हैं, मेरी नींद ही हराम कर दी है। लोग बोलते हैं कि हमें लूटा जा रहा है। तब मैंने हकीकत का पता किया। पता चला कि सही में जनता को लूटा जा रहा है। बाड़मेर की सबसे बड़ी समस्या बजरी की है। जो जनता लूट रही है। उसका नुकसान हम सबको उठाना पड़ेगा।

मंत्री ने कहा बजरी खनन मामले में लोगों की मांग सही है। मेरे लिए पहले जनता है। उसके बाद सरकार है। लूट करने वालों के साथ मैं खड़ा नहीं रह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## फैक्ट्री में आग, 4 मजदूरों की मौत

- **गुजरात में हुई इस दुर्घटना में लगभग 20 घायल हो गए।**

अहमदाबाद, 11 सितम्बर। गुजरात के सूरत शहर में केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से 4 मजदूर की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य झुलस गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फैक्ट्री के अंदर कूलिंग का काम अब भी जारी है।

सूरत पुलिस के एसीपी आर.एल. मवानी ने बताया कि सचिन गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआइडीसी) क्षेत्र में स्थित अनुपम केमिकल फैक्ट्री में शनिवार रात करीब 10 बजे भीषण आग में चार मजदूरों की मौत हो गई और लगभग 20 घायल हो गए।

इससे पहले सूरत के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारिख ने रविवार को कहा कि शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे सचिन गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) क्षेत्र में स्थित अनुपम केमिकल इंडिया लिमिटेड की फैक्ट्री में खतरनाक केमिकलों से भरे कंटेनर में भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन की 32 फर्जी कंपनियों का मास्टरमाण्ड दिल्ली में गिरफ्तार

## ये कंपनियां भारत में फर्जी तरीके से कामकाज करके देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहीं थीं

- **चीन की कंपनियों के इस रैकेट के मास्टरमाण्ड डॉर्टसे भारत से विदेश भागने की फिराक में था जब उसे गिरफ्तार किया गया।**

नई दिल्ली 11 सितंबर (वार्ता)। भारत में चीनी शेल (मुखौटा) कंपनियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एस.एफ.आई.ओ.) ने मुख्य साजिशकर्ता और रैकेट मास्टरमाइंड डॉर्टसे को गिरफ्तार किया है।

डॉर्टसे दिल्ली एन.सी.आर. से बिहार के एक सुदूर इलाके में भाग गया था और सड़क मार्ग से भारत से भागने की कोशिश कर रहा था।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एम.सी.ए.) ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा,तुरंत, एस.एफ.आई.ओ. में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसे उक्त दूरस्थ स्थान पर प्रतिनियुक्त किया गया। दस सितंबर, 2022 की शाम को, एस.एफ.आई.ओ. ने डॉर्टसे को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बाद में न्यायिक न्यायालय में पेश किया गया और उनकी ट्रांजिट रिमांड के आदेश प्राप्त किए गए।

आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि डॉर्टसे जिलियन इंडिया लिमिटेड के बोर्ड में है और स्पष्ट रूप से भारत में चीनी लिंक वाली बड़ी संख्या में मुखौटा कंपनियों को शामिल करने तथा अपने बोर्ड में नकली निदेशक प्रदान करने के पूरे रैकेट के मास्टरमाइंड के रूप में उभरा है।

एम.सी.ए. ने कहा, आर.ओ.सी. (कंपनियों के रजिस्ट्रार) दिल्ली द्वारा जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्य और एक साथ तलाशी अभियान स्पष्ट रूप से कई मुखौटा कंपनियों में डमी के रूप में काम करने के लिए जिलियन इंडिया लिमिटेड द्वारा भुगतान किए जा रहे डमी निदेशकों को इंगित करता है।

एम.सी.ए. ने आगे कहा कि साइट से कंपनी सील और डमी निदेशकों के डिजिटल हस्ताक्षर से भरे बक्से भी बरामद किए गए हैं।

एम.सी.ए. ने कहा,भारतीय कर्मचारी एक चीनी इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप के माध्यम से चीनी समकक्षों के संपर्क में थे। हसीज़ लिमिटेड को भी जिलियन इंडिया लिमिटेड की ओर से काम करते हुए पाया गया था।

प्रारंभिक टिप्पणियों से पता चलता है कि हसीज़ लिमिटेड का जिलियन हांगकांग लिमिटेड के साथ एक समझौता था। जांच अब तक इन मुखौटा कंपनियों की देश की वित्तीय सुरक्षा के लिए हानिकारक गंभीर वित्तीय अपराधों में संलिप्तता का पता चला है।

कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा आठ सितंबर 2022 को गुड़गांव में जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर में फिनिंटी प्राइवेट लिमिटेड और हुसिस कंसल्टिंग लिमिटेड (हैदराबाद में एक पूर्व सूचीबद्ध कंपनी) के कार्यालयों में किए गए एक साथ तलाशी एवं जब्ती अभियान के बाद एस.एफ.आई.ओ. ने डॉर्टसे को गिरफ्तार किया है।

कंपनी रजिस्ट्रार के पास दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार डॉर्टसे ने खुद को हिमाचल प्रदेश के मंडी का निवासी बताया था। एम.सी.ए. जिसके तत्वावधान में एस.एफ.आई.ओ. संचालित होता है, ने नौ सितंबर, 2022 को जिलियन कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और 32 अन्य कंपनियों की जांच एस.एफ.आई.ओ. को सौंपी थी।



## विचार बिन्दु

**वह जो अपने प्रियजनों से अत्यधिक जुड़ा हुआ है। उसे चिंता और भय का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सभी दुःखों कि जड़ लगाव है। इसलिए खुश रहने कि लिए लगाव छोड़ दीजिये। -चाणक्य सुविचार**

# सम्मान: क्यों, किसका और कैसे?

यह एक कृतज्ञ समाज का लक्षण है कि वह अपने बीच रहने वाले गुणीजन का सम्मान करे। गुणी अनेक अर्थों और संदर्भों में हो सकते हैं, और यह गुणग्राहक पर निर्भर करता है कि वह किसके किस गुण पर मुग्ध होता है। कोई पराक्रम पर मुग्ध हो सकता है तो कोई संवेदनशीलता पर, कोई समृद्धि पर मुग्ध हो सकता है तो कोई त्याग पर, कोई ज्ञान पर मुग्ध हो सकता है तो कोई सहज बुद्धि पर। गुणों के अनेक, बल्कि कहें अगणित आकार-प्रकार हो सकते हैं। इधर हम अपने समाज में सम्मान का चलन बढ़ा हुआ पाते हैं और इसे शुभ माना जा सकता था। लेकिन जब हम सम्मानों के इस गोरखधंधे को देखते हैं तो शुभ के अतिरिक्त भी काफी कुछ नज़र आता है।

सम्मान करने वाले सम्मान के पात्र का चयन करने में जितनी मेहनत करते हैं, उससे ज़्यादा सम्मान करने वाले के चयन पर करते हैं। चयन पर भी और उसे सम्मान करने के लिए लाने पर भी। यह सम्मान करने वाला प्राय: कोई उच्च पदस्थ व्यक्ति होता है। कोई मंत्री, कोई जन प्रतिनिधि, कोई अफसर, कोई धर्माचार्य, कोई ऐसा व्यक्ति जो व्यावसायिक रूप से बहुत सफल हो। इस अंतिम श्रेणी के व्यक्ति को आजकल एक नया और ज़्यादा सम्मानजनक पदनाम दे दिया जाता है- समाज सेवी। अब ये सारे लोग बहुत व्यस्त होते हैं, इनकी उपलब्धता तो दूर की बात है, इन तक पहुंच पाना ही कठिन होता है। तो सम्मान आयोजित करने वाले व्यक्ति (या संस्थाएं) अनेक किस्म की जुगत भिड़ाकर जैसे-तैसे इन महान लोगों तक पहुंचते हैं और फिर न जाने कितने और कैसे-कैसे प्रयासों के बाद इनके बहुमूल्य समय में से कुछ समय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करते हैं। इनकी व्यस्तता का गुणगान अनिवार्यत: इनके स्वागत के समय किया जाता है। तभी हम जैसे अज्ञानियों को उनकी अत्यधिक व्यस्तता का पता चलता है।

दूसरी तरफ जिनका सम्मान किया जाना है उनके चयन का काम भी कम कठिन नहीं होता है। कुछ को आयोजक गण चुनते हैं और कुछ जैसे-तैसे धक्का-मुक्की या जोड़-बाकी-गुणा-भाग करके उस सूची में प्रवेश पा लेते हैं। होते-होते सम्मानितों की सूची काफी लम्बी हो जाती है। आखिर आयोजकों की भी तो मज़बूरियां होती हैं। इस लम्बी सूची के कारण कई सारी परेशानियां पैदा हो जाती हैं। सम्मान में तो ख़ैर ज़्यादा कुछ खर्चा होता नहीं है। शॉल, नारियल, माला, मान पत्र। इतना काफी होता है। जहां दस के लिए इनको जुटाया था वहां बीस-पच्चीस-पचास के लिए जुटा लिया जाता है। सम्मान में मितव्ययिता का एक रास्ता कोरोना ने भी दिखा दिया था, और उस रास्ते का सदुपयोग अब भी खूब सारे सम्मान प्रदाता कर रहे हैं। इस रास्ते पर चलने में ***हींग लगे न फिटकरी*** वाला मुहावरा काम आता है। यह रास्ता है ऑनलाइन सम्मान का। बस सम्मान का एक टेम्प्लेट तैयार करवा लें, उसमें लोगों के नाम भरते चले जाएं और फिर उस सम्मान पत्र को ई मेल से भेज दें। सम्मानित प्रतिभा उसी को सोशल मीडिया पर प्रदर्शित कर कृतार्थ होती रहेगी। समारोह में प्रदान किए जाने वाले सम्मान के संदर्भ में असल संकट तो समय का होता है। जिस या जिन महापुरुषों को सम्मान प्रदान करने के लिए बुलाया जाता है, उनके पास समयाभाव होता है। वे ज़्यादा समय कार्यक्रम में रुकने को तैयार नहीं होते हैं। वैसे भी इस तरह के कार्यक्रमों में औपचारिकताएं ही बहुत समय ले लेती हैं। स्वागत, माल्यार्पण, स्मृति चिह्न समर्पण - ये सब तो हैं ही, बड़े मेहमानों के सम्मान में उनके कद और पद के अनुरूप प्रशस्ति गान जितना ज़रूरी होता है उतना ही ज़रूरी उनके प्रवचन अमृत से लाभान्वित होना भी होता है। और इस बात के लिए हमारे बड़े लोगों की सराहना करनी पड़ेगी कि भले ही उनके पास कितना ही समयाभाव क्यों न हो, जहां भाषण देने का मौका आता है, वे इस समयाभाव की बंदिश से स्वयं को मुक्त कर लेते हैं। उनकी जिह्वा किसी बेलगाम अश्व की तरह दौड़ने लगती है। फिर न उन्हें समय का ध्यान रहता है न अवसर का। जितना और जैसा ज्ञान उन्होंने अर्जित किया है उस सबको वे बहुत उदारता से उपस्थित समुदाय पर बरसाते चले जाते हैं। इस सबके कारण आयोजकों के सामने यह संकट पैदा हो जाता है कि जिन्हें सम्मानित होने के लिए बुलाया गया है, उन्हें कैसे जल्दी से जल्दी निबटाया जाए।

**सबसे ख़ास बात यह कि सम्मान करते वक्त सम्मानित को वाकई सम्मानित किया जा रहा है, या उसे एक कोने में खड़ाकर सम्मानित करने वाला ख़ुद सम्मानित हो रहा या अपना उल्लू सीधा कर रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आजकल अधिकांश सम्मानों का यथार्थ यही है। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होगा कि जो लोग इस सारे खेल को समझते हैं कम से कम वे तो इस तरह सम्मानित होने से मना कर दिया करें?**

बहुत सारे समझदार आयोजक ख़ास मेहमानों के आने से पहले सम्मान की घास काट कूट कर मैदान साफ़ कर देते हैं ताकि इन ख़ास मेहमानों का कीमती समय बर्बाद न हो। अभी हाल में राजस्थान के एक सरकारी आयोजन में भी ऐसा ही किया गया। कुछ अन्य आयोजक सम्मानितों को झुण्ड में खड़ा करके एक साथ सम्मानित करके समय की बचत कर लेते हैं। अगर सम्मानित का प्रशस्ति वाचन भी होना है तो उसे संक्षिप्त करके या सुपर एक्सप्रेस की गति से करके कीमती समय बचाया जाता है। आखिर समय तो बहुत कीमती होता है, ख़ास तौर पर मंचासीन महापुरुषों का! वैसे तो आयोजक अपनी तरफ से ही इस बात का ध्यान रखते हैं और अगर उनका ध्यान चूक जाए तो आमंत्रित अतिथि के दांये-बांये रहने वाले या फिर खुद अतिथि ही उन्हें कार्यक्रम जल्दी समाप्त करने के लिए कह देते हैं। इस तरह सम्मान प्रदान करने की रस्म अदायगी हो जाती है।


मैंने प्राय: यह देखा है कि इस तरह के कार्यक्रम से पहले और कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद अखबारों को जो विज्ञिप्तयां आयोजकों की तरफ से भेजी जाती हैं, उनमें मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और अन्य विशिष्ट जन के भाषणों का तो खूब ज़िक्र होता है लेकिन जिन्हें सम्मानित किया गया उनके नामों और काम की बजाय उनकी संख्या देकर काम चला लिया जाता है - समारोह में पैंतीस विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया गया! अभी एक संस्था की विज्ञप्ति देखी, जिसमें बताया गया कि उनके आयोजन में पांच सौ लोगों का सम्मान किया गया! ज़ाहिर है कि किसी भी ख़बर में पांच सौ लोगों का नाम नहीं दिया जा सकता। लेकिन जब पांच-सात सम्मानितों के भी नाम अनुपस्थित होते हैं तो अजीब लगता है। अजीब भी और बुरा भी। सोचने की बात यह भी है कि पांच सौ लोगों का एक साथ सम्मान करना उनका सम्मान है या अपमान!

यह सब देखकर मेरा मन क्षुब्ध हो जाता है। मैं सोचता हूं क्या ये सम्मान समारोह वाकई किसी या किन्हीं प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए किए जाते हैं? या इनका मक़सद कुछ और होता है? जिस तरह से आम तौर पर इनका आयोजन होता है उसे देखकर तो ज़रा भी नहीं लगता कि कोई किसी का सम्मान करना चाह रहा है! असल में सम्मान तो एक बहाना होता है। इस बहाने से जैसे-तैसे बड़े लोगों का सान्निध्य प्राप्त करने का अवसर जुटाया जाता है। यह समझा जा सकता है कि सान्निध्य के प्रति इतनी ललक क्यों होती है! हो सकता है चंद भोले लोग बड़ों के साथ तस्वीर खिंचवा कर या उन्हें गुलदस्ता भेंट कर ही धन्य हो लेते हों, और ऐसे लोगों की भी हमारे समाज में कमी नहीं है। लेकिन जो असल खेल खेलते हैं वे बहुत सोच-समझकर यह सब करते हैं। वे इन प्रतिभाओं को सीढ़ी के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। यह भी होता है कि इस तरह के सम्मान आयोजित करने वाले लोग या संस्थाएं ऐसा करके अपनी छवि को चमकाते हैं। बहुत सारे लाभ अर्जित करने के लिए इनका विश्वसनीय होना ज़रूरी होता है और यह विश्वसनीयता हासिल करने का एक तरीका ऐसे आयोजन करना भी है।

सम्मान हमारे देश में पहले भी होते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि बड़ी राशि से ही कोई सम्मान महत्वपूर्ण हो जाता है। बहुत बार तो यह भी हुआ है कि बहुत बड़ी राशि के बावज़ूद विभिन्न कारणों से कोई सम्मान अपेक्षित गरिमा प्राप्त नहीं कर पाया है। याद करेंगे तो ऐसे भी अनेक उदाहरण याद आ जाएंगे जहां लोगों ने बहुत बड़े या बहुत बड़ी धनराशि वाले सम्मान अस्वीकार किए हैं, और ऐसे भी अनेक पुरस्कार याद आ जाएंगे, जिनके साथ राशि भले ही कम दी गई हो, उनका महत्व खूब रहा है। इसलिए किसी भी सम्मान के लिए उसके साथ प्रदान की जाने वाली राशि का अनिवार्य संबंध नहीं होता है। देखने की बात यह होती है कि सम्मान किस भावना से दिया जा रहा है, जिसका सम्मान किया जा रहा है वह वाकई उसका पात्र है या नहीं, उसका चयन कितनी गंभीरता और निष्पक्षता से किया गया है, और सबसे ख़ास बात यह कि सम्मान करते वक्त सम्मानित को वाकई सम्मानित किया जा रहा है, या उसे एक कोने में खड़ाकर सम्मानित करने वाला ख़ुद सम्मानित हो रहा या अपना उल्लू सीधा कर रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि आजकल अधिकांश सम्मानों का यथार्थ यही है। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होगा कि जो लोग इस सारे खेल को समझते हैं कम से कम वे तो इस तरह सम्मानित होने से मना कर दिया करें?

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत



मनसुख मांडविया

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब 130 करोड़ देशवासी एक साथ एक कदम आगे बढ़ाते हैं तो पूरा देश 130 करोड़ कदम आगे बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री जी का समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में जनभागीदारी के प्रति अटूट विश्वास है। इस सामूहिक शक्ति और एकता की लहर से क्या हम नया भारत बना सकते हैं, जो 2025 में टीबी (क्षयरोग) मुक्त हो? प्रत्येक व्यक्ति का एक छोटा सा प्रयास भी एक 'जन-आंदोलन' को गति देता है। सरकार और जनता मिलकर जब कार्य करती है तो कोई भी अभियान शत-प्रतिशत सफल होता है। इसके उदाहरण हैं- स्वच्छ भारत अभियान, कोविड टीकाकरण अभियान और हाल ही में संपन्न 'हर घर तिरंगा' अभियान।

हम एक देश के तौर पर इसी सामूहिक जनभागीदारी के मंत्र के साथ 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं। जब विश्व ने दुनिया से टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2030 का लक्ष्य रखा, तब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसी सामूहिक जनभागीदारी में विश्वास रखते हुए भारत को टीबी मुक्त करने के लिए दुनिया से पांच वर्ष पहले यानी कि वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी लक्ष्य के संदर्भ में भारत सरकार ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत नि-क्षय पोषण योजना की शुरुआत की। जिसमें 2018 से जून 2022 तक 62.71 लाख टीबी रोगियों को 1,651 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसमें डीबीटी के माध्यम से टीबी रोगियों को 500 रुपये कि राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाना भी शामिल है, जिससे उन्हें अपनी पोषक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।

मैं इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का उल्लेख भी करना चाहूँगा, जिन्होंने टीबी से पीड़ित मरीज़ों को गोद लेने का अभियान चलाया और उस अभियान को अपार सफलता मिली।

उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर टीबी के इस अभियान को आगे और मजबूती प्रदान करते हुए भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत 'नि-क्षय 2.0' पोर्टल शुरू किया है।

इस अभियान का शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने 9 सितंबर, 2022 को किया है।यह पोर्टल टीबी मरीजों को सामुदायिक सहयोग देने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। इस पोर्टल पर जाकर समाज का कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीजों की मदद 'नि-क्षय मित्र' बनकर कर सकता है।

इस अभियान का एक मुख्य भाग है टीबी मरीज़ों को गोद लेना। जिसका मूल उद्देश्य है कि हम समाज में टीबी मरीजों के प्रति प्रचलित भेदभाव को मिटा सके, टीबी से जूझ रहे लोगों के साथ हाथ मिलाना है, उनके लिए पोषण और सामाजिक समर्थन सुनिश्चित कर सकें तथा उनको सामान्य जीवन जीने में सहयोग कर सकें।टीबी मरीजों की सहायता हेतु 'नि-क्षय 2.0' पोर्टल (प्ूेः//म्दसस्ल्हपूल्ल्ज्दू.हर्ल्लेि.ग्ह/) पर लॉग-इन कर सामुदायिक सहयोग कर सकते हैं। इस पहल के तहत कोई भी व्यक्ति, सहकारी संस्थाएं, कॉर्पोरेट जगत, गैर-सरकारी संगठन, राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि भीटीबी रोगियों को सहायता प्रदान करने के लिए गोद ले सकते हैं।

टीबी मरीजों को तीन प्रकार से मदद की जा सकती है। पहली मदद, उनके पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए पोषण आवश्यकता अनुसार पौष्टिक खाद्य सामग्री एक पोषण किट के रूप में उपलब्ध कराना। दूसरी मदद, अतिरिक्त लैब आधारित जांच में सहायता देना। तीसरा सहयोग, टीबी मरीजों को रोजगार प्राप्त करने के लिए जरूरी व्यवसायिक कौशल वर्धन द्वारा उनका क्षमता निर्माण करके रोजगार देने के लिए आगे आना। भारत के किसी भी जिले या ब्लॉक में टीबी रोगियों को आप न्यूनतम एक साल और अधिकतम तीन साल तक गोद लेकर उनका सहयोग कर सकते हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ़्त दवाई, टीबी संबंधित विविध मुफ़्त जांच तथा कई प्रकार की अन्य मदद भी की जाती है। परंतु मेरा मानना है कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप सभी की जनभागीदारी एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि जन-आंदोलन को सही मायने में साकार करने के लिए इस मिशन का हिस्सा बनें और टीबी के खिलाफ देश की इस सामूहिक लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनें। जैसे हम कोविड के विरुद्ध सशक्त लड़ाई लड़ रहे हैं, उसी प्रकार टीबी उन्मूलन के लिए भी सामुदायिक समर्थन से एक संगठित लड़ाई लड़ेंगे।

मैं आज आपके सामने रामायण का एक अंश साझा करना चाहूँगा। जब प्रभु श्री राम लंका जाने के लिए पुल का निर्माण कर रहे थे तब मदद के लिए एक गिलहरी भी आई। प्रभु श्री राम ने उसके इस छोटे से योगदान को भी सराहा।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में देशवासी उस गिलहरी से प्रेरणा लेकर इस ईश्वरीय कार्य से भारत को टीबी मुक्त बनाने में एक बहुत बड़ा सेवा कार्य कर सकती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के इस मूलमंत्र से, मानवता का यह कार्य करने के लिए, इस जन-आंदोलन में आप अवश्य जुड़ेंगे और 2025 तक भारत को टीबी मुक्त कर देंगें।

टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

**-मनसुख मांडविया,**
**लेखक भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं खाद मामलों के केंद्रीय मंत्री हैं।**

# जयपुर-फुलेरा रूट पर यात्री गाड़ियों का लोगों को नहीं मिल पा रहा समुचित लाभ

**■ कोरोना से पूर्व आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर लगभग 26 यात्री ट्रेनों का यहां स्टॉपेज था जो घटकर आधा रह गया**

**बोराज, (निसं)।** कोरोना काल के बाद यात्री गाड़ियों के आने-जाने के समय वह स्टॉपेज को लेकर जो हालात यात्री गाड़ियों के बिगड़े हैं उनमें आज भी बहुत सुधार होना बाकी है। ग्रामीणों ने बताया रेलवे प्रशासन की सूझबूझ के अभाव में उपयुक्त समय में ट्रेनों का संचालन नहीं होने व कई यात्री गाड़ियों का अब आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकने से यात्रियों को ट्रेनों का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है।

जयपुर फुलेरा रेल मार्ग पर स्थित आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन जहां कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांवों ढाणियों के लगभग 4000 लोग रोजाना अपने दैनिक कार्यों को लेकर रेलों में सफर करते हैं वहां आज भी जयपुर बीकानेर, योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, लीलन एक्सप्रेस, जैसलमेर दिल्ली एक्सप्रेस व हनुमानगढ़ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण यात्री गाड़ियां अब नहीं रुकती जिनका कोरोना काल से पहले यहां स्टॉपेज था।

दैनिक यात्रीगण प्रेम शंकर शर्मा, जगदीश सारड़ी वाल भोलूराम कुमावत, ब्रजमोहन शर्मा आदि ने बताया कोरोना से पूर्व आसलपुर जोबनेर रेलवे स्टेशन पर लगभग 26 यात्री ट्रेनों का यहां स्टॉपेज था जो घटकर आधा रह जाने से यात्रियों को समय पर ट्रेन नहीं मिलने से काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही आज भी कई ट्रेनों में एमएसटी सुविधा अलाउ नहीं होने पर निश्चित ट्रेन के इंतजार में लोगों का घंटों कीमती समय यूं ही बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कोरोना काल से पहले सुबह शाम निश्चित समय पर यात्री गाड़ियों के आने जाने की जो सुविधा उपलब्ध थी वो अब नहीं मिल रही है।

यात्री गाड़ियों के यहां नहीं रुकने से मजदूर वर्ग काफी परेशान है। इस संदर्भ में रेलवे प्रशासन को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के माध्यम से सुधार के लिए कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया दोपहर बाद जोधपुर भोपाल एक्सप्रेस 3.45 व अमरापुर अरावली एक्सप्रेस 4:03 पर दोनों यात्री गाड़ी लगभग साथ-साथ आसलपुर जोबनेर से जयपुर की ओर जाती है उसके बाद 4 घंटे तक जयपुर जाने की यहां से कोई यात्री गाड़ी नहीं है इसमें काफी सुधार की गुंजाइश है।

दूसरा जोधपुर भोपाल यात्री गाड़ी का आसलपुर जोबनेर स्टेशन से जयपुर के बीच में 3 स्टेशनो पर स्टॉपेज के बाद जयपुर पहुंचने का एक घंटा 10 मिनट निर्धारित समय है वहीं दूसरी अमरापुर अरावली एक्सप्रेस यात्री गाड़ी काआसलपुर जोबनेर स्टेशन से नॉन स्टॉप सीधे जयपुर पहुंचने का एक घंटा 52 मिनट का समय निर्धारित कर रखा है जो रेलवे समय सारणी में चूक को दर्शाती है।

ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से कोरोना काल में जिन ट्रेनों का ठहराव बंद हुआ था उन सभी ट्रेनों का फिर से पूर्व की भांति ठहराव करवाने व एमएसटी सुविधा की अनुमति दिलवाने सहित अन्य समस्याओं का सुधार कर राहत प्रदान करने की मांग की है।

# घायल युवक को अस्पताल पहुंचा कलेक्टर ने दिखाई संवेदनशीलता

**■ आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गया था युवक**

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने रविवार को संवेदनशीलता दिखाते हुए आकाशीय बिजली गिरने से घायल एक युवक को तुरंत तहसीलदार की गाड़ी में चिकित्सालय के लिये रवाना किया और परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

कलेक्टर तारचंद मीणा कोटड़ा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करने के पश्चात कोटड़ा से पानरवा मार्ग पर थे। इस दौरान पाथरवाड़ी गांव में अचानक ही कुछ ग्रामीणों की भीड़ देख अपनी गाड़ी रुकवाई। ग्रामीणों ने बताया कि लक्ष्मण नामक एक युवक जब वह मवेशी चारा रहा था तो उस पर आकाशीय बिजली गिर गई है एवं इस हादसे में तीन मवेशियों की मृत्यु भी हो गई है। इस पर कलेक्टर ने देखा कि लक्ष्मण अचेत पड़ा था और परिजन विलाप कर रहे थे। कलेक्टर ने बिना विलंब करते हुए तुरंत तहसीलदार की गाड़ी में घायल लक्ष्मण को रखवाया और तुरंत प्रभाव से अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के स्टाफ से भी बात कर त्वरित गति से इलाज करने के निर्देश दिए।



**उदयपुर जिले में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बिजली गिरने से घायल व्यक्ति को तहसीलदार की गाड़ी में अस्पताल पहुंचाया।**

# 150 पलंग वाले नसीराबाद चिकित्सालय की व्यवस्था बदहाल

## मौन धारण किए बैठे हैं जनप्रतिनिधि, विधायक भी गुमनामी के आगोश में

**■ चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की कमी के चलते अव्यवस्थाओं का अंबार लगा पड़ा है**

**■ करोड़ों रुपयों के चिकित्सा उपकरण होने के बावजूद विशेषज्ञों व नर्सिंग स्टाफ के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं**

**नसीराबाद, (निसं)।** 150 पलंग वाले उपखंड के सबसे बड़े राजकीय सामान्य चिकित्सालय में चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ की कमी के चलते अवस्थाओं का अंबार लगा पड़ा है। चिकित्सालय की बदहाली के चलते रोगियों को राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। राजकीय सामान्य चिकित्सालय में प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्र के हजारों रोगियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। राजकीय सामान्य चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं के चलते रोगियों को निजी चिकित्सालय में जाकर महंगा इलाज करवाने पर मजबूर होना पड़ता है। इस संदर्भ में कई बार चिकित्सा प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद चिकित्सा व्यवस्था में कोई सुधार होता नजर नहीं आता। राजकीय सामान्य चिकित्सालय में करोड़ों रुपयों के चिकित्सा उपकरण होने के बावजूद विशेषज्ञों व नर्सिंग स्टाफ के अभाव में बेकार पड़े हुए हैं। चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्थाओं के सुधार के संदर्भ में विधायक रामस्वरूप लांबा को भी अवगत कराया गया था परंतु ऐसा लगता है कि विधायक को नसीराबाद शहरी क्षेत्र से कोई लेना देना नहीं है वे शहरी क्षेत्र में मात्र फीता काटने व उद्घाटन समारोह में भाग लेने आते है और वहीं से चले जाते हैं।

साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं से उनका कोई सरोकार ना हो। चिकित्सा विभाग के अधिकारी नसीराबाद आकर चिकित्सालय को क्लीन चिट देकर चले जाते हैं या झूठे आश्वासन पत्रकारों को थमा देते हैं और कुछ समाचार पत्र चिकित्सालय व प्रभारी की तारीफ के पुल बांध देते हैं और चिकित्सालय की बदहाली पर पर्दा डाल देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकारियों के आने की सूचना पाते ही चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को चंद घंटों के लिए दुरुस्त कर दिया जाता है वह चंद चापलूस लोगों को अधिकारियों के सामने पेश कर चिकित्सालय की बदहाली पर पर्दा डलवा दिया जाता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 12 सितम्बर, 2022**

आश्विनी मास, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्र पद नक्षत्र प्रात: 6:59 तक, गंड योग प्रात: 9:30 तक, गर करण दिन 11:36 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा रात्रि 11:07 से मंगलवार दिन 10:38 तक रहेगी। आज तीज का श्राद्ध, पंचक है। महापात योग दिन 2:20 से सांय 6:15 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:47 तक, शुभ 9:19 से 10:54 तक, चर 1:55 से 3:28 तक, लाभ-अमृत 3:28 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:32

**मेष**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संबंध बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी अनबन बढ़ने का भय बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आज व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# कांग्रेस चुनाव को लेकर बढ़ा विवाद, अब सूची दिखाने पर सहमति बनीं

## चुनाव लड़ने वाला कोई भी नेता देख सकेगा नौ हजार डेलीगेट्स की सूची

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले मतदाता सूची जारी नहीं करने का विवाद बढ़ता देख अब तय किया गया है कि नामांकन तिथि के चार दिन पहले केंद्रीय चुनाव समिति के पास जाकर कोई भी चुनाव लड़ने वाला नेता 9000 पार्टी डेलीगेट्स की सूची देख सकेगा। इससे पहले सवाल उठे थे कि जब पार्टी का चुनाव कार्यक्रम जारी हो गया है तो आखिरकार क्या कारण है कि मतदाता सूची जारी नहीं की जा रही है। पार्टी सांसदों और वरिष्ठ नेताओं की ओर से सवाल उठाए जाने के बाद डेलीगेट्स की सूची दिखाने की सहमति दी गई है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 24 सितंबर से नामांकन की तिथि तय की गई है और 30 सितंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। लेकिन चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के 1 सप्ताह तक मतदाता सूची सामने नहीं आने पर पार्टी में हर स्तर पर इस बात का विरोध हो रहा था। कहा जा रहा था कि मतदाता सूची जारी क्यों नहीं की जा रही है। एक दिन पहले ही पार्टी सांसदों शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, मनीष तिवारी समेत पांच नेताओं ने पार्टी की केंद्रीय इलेक्शन अथॉरिटी के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री को पत्र लिखकर चुनावी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी की मांग की थी।

पांच सांसदों और नेताओं की ओर से लिखे गए इस पत्र के बाद माना जा रहा था कि अब यह विवाद और आगे बढ़ सकता है। कहीं कुछ बड़े नाम यदि इस दौरान इस्तीफा दे देते हैं, तो पार्टी

- **खुद के प्रदेश में नेता 10 डेलीगेट के नाम देख पाएगा, वहीं पूरी सूची चाहिए तो केंद्रीय कार्यालय में संपर्क करना पड़ेगा**
- **एक दिन पहले ही चुनाव में पारदर्शिता को लेकर पांच सांसदों ने लिखा था चुनाव समिति को पत्र**

के सामने स्थिति बड़ी असमंजस की हो जाएगी। इस स्थिति से बचने के लिए फैसला लिया गया है कि जो भी नेता चुनाव लड़ना चाहता है, वह 20 सितंबर से केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष जाकर 9 हजार डेलीगेट्स नाम देख सकता है।

दरअसल, हाल के कुछ दिनों में कांग्रेस से लगातार बड़े नेताओं ने इस्तीफे दिए हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि बाकी नेताओं की नाराजगी दूर करने के लिए पार्टी आलाकमान ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव 17 अक्टूबर को होने हैं। इसके लिए 24 से 30 सितंबर के बीच नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

इस विवाद के बढ़ने से रोकने के लिए पार्टी सांसदों और नेताओं के नाम पत्र में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि जो नेता इस चुनाव में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने राज्य के कांग्रेस ऑफिस में राज्य के 10 डेलीगेट्स की लिस्ट देख पाएंगे। जैसे ही नामांकन दाखिल हो जाएंगे और चीफ रिटर्निंग ऑफिसर को सौंप दिए जाएंगे, तो नेताओं को डेलीगेट्स की पूरी सूची मिल जाएगी।

मधुसूदन निस्त्री ने कहा कि अगर कोई नेता अलग-अलग राज्यों से 10 समर्थकों का नॉमिनेशन पाना चाहता है, तो उसे कांग्रेस के दिल्ली ऑफिस में 20 सितंबर के बाद सभी 9 हजार डेलीगेट्स की लिस्ट मिल जाएगी। नॉमिनेशन भरने के इच्छुक नेता इस लिस्ट में से अपने 10 समर्थक चुनकर उनसे साइन कराकर उनका समर्थन ले सकते हैं। इसके बाद 24 सितंबर तक आप नॉमिनेशन दाखिल कर सकते हैं।

# जय श्रीराम के जयकारों के साथ निकाली भगवा रैली



**धर्मांतरण के विरोध में युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से जलमहल की पाल से रामलीला मैदान तक वाहन रैली निकाली गई।**

**जयपुर**। देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रही लव जिहाद की घटनाओं और धर्मान्तरण के विरोध में युवा शक्ति मंच राजस्थान की ओर से रविवार को जयपुर में वाहन रैली निकाली निकाली गई। जलमहल की पाल पर धर्मगुरूओं और भाजपा नेताओं की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना और हनुमान चालीसा के पाठ के बाद वाहन रैली रवाना हुई जो परकोटा क्षेत्र से गुजरते हुए रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में युवा भगवा रंग में भारत माता की जय और जय श्री राम के उद्घोष करते हुए रैली में शामिल हुए।

रैली के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। ऐसे में रैली के आगे भगवान श्रीराम का रथ चल रहा था और उसके पीछे सबसे आगे पैदल लोग चलते रहे। इसके बाद दुपहिया वाहनों पर सवार युवा रैली का हिस्सा बने और सबसे अंत में चौपहिया वाहन चलते दिखाई दिए। रैली का आलम यह रहा है कि इसका आगे का रथ जहां हवा महल के सामने पहुंच गया लेकिन पिछला सिरा सुभाष चौक पर ही पहुंच पाया। इस दौरान करीब आधा दर्जन स्थानों पर इसका स्वागत किया गया।

इस रैली में विभिन्न मंदिरों और मठों के महंत तथा महामण्डलेश्वर भी शामिल हुए। इसके साथ ही जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी और पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक भी शामिल हुए। रामलीला मैदान पर पहुंचकर रैली आमसभा में बदल गई जहां धर्मगुरूओं के संबोधन के बाद रैली समाप्त हुई। इस दौरान मंच के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत और प्रदेश महामंत्री गौरीशंकर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रैली का प्रमुख उददेश्य स्वामी लक्ष्मणानंद की तर्ज पर धर्मान्तरण के खिलाफ लड़ते हुए राजधानी में लव जिहाद की घटनाओं पर रोक लगाना और शहर के प्रत्येक नागरिक एवं युवाओं को जागरूक करना था। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया और राज्य सरकार को तुष्टीकरण की नीति छोड़ने का संदेश दिया।

# धर्मेन्द्र भल्ला को मिलेगा भारत का पहला डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर के नेशनल अवॉर्डी धर्मेंद्र भल्ला ने भारत का पहला डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड दिलाकर जयपुर को गौरवान्वित किया है। यूं तो भारत में अनेक हस्तकलाएं हैं, जिनमें भल्ला ने कुंदन कला को शीर्ष श्रेणी का स्थान भी दिलाया है।

गौरतलब है कि भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल ने हाल ही हैंडीक्राफ्ट सेक्टर में साल 2019 के लिए शिल्प गुरु नेशनल अवॉर्ड्स एंड डिजाइन इनोवेशन अवॉर्ड्स-की घोषणा की है।

इसमें जयपुर के नेशनल अवॉर्डी आर्टिस्ट भल्ला को उनकी आईना फ्रेम, पर्स और वाकिंग स्टिक कलाकृतियों में खूबसूरत जड़ाई की कारीगरी व नवीनीकरण के लिए डिजाइन इनोवेशन नेशनल अवॉर्ड दिया जा रहा है। उन्हें यह अवॉर्ड भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। इसमें आर्टिस्ट भल्ला को प्रशस्ति व ताम्र पत्र, अंगवस्त्र समेत छह लाख रुपए की नकद राशि भेंट की जाएगी।



कला की दुनिया में अपने हुनर को वज्रकीलित करने वाले धर्मेन्द्र यह अवॉर्ड और सम्मान राशि लेकर कला की दुनिया में नई इबारत लिखेंगे। कला में अपनी क्रिएटिविटी और कुन्दन जड़ाई के बारीकबीनी वर्क में सिद्धहस्तता को लेकर खास पहचान रखने वाले धर्मेंद्र भल्ला भारत सरकार से कई दफा नवाजे जा चुके हैं। वे कहते हैं कि कला में विजन और स्टोरी में रेशनल संयोजन होना बेहद जरूरी है। इसके अलावा कलर टोंस, टेक्श्चर्स और टेक्निक किसी भी कलाकृति को संपूर्ण ही नहीं संपुष्ट बनाती है। इतना ही नहीं कला में लयात्मकता व लौच प्राइमरी व आनुषंगिक हिस्सा होते हैं।

कलाकार धर्मेन्द्र भल्ला ने बताया

- **भारत की राष्ट्रपति मुर्मू प्रदान करेंगी यह अवॉर्ड, प्रशस्ति व ताम्र पत्र, अंगवस्त्र समेत 6 लाख रुपए की नकद राशि भेंट की जाएगी**

कि किसी भी कलाकृति की खूबसूरती को उसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई से नहीं नापा जा सकता है। इसे मापने का क्राइटिरिया सिर्फ विजन ही होता है, तभी उस कला में संस्कृति, सभ्यता और प्रकृति का तादात्म्य भाव छलकता है जो किसी भी कलाप्रेमी को नख-शिख रससिक्त कर देता है।

एमिनेंट आर्टिस्ट धर्मेन्द्र भल्ला की क्रिएटिविटी और महीन कारीगरी को पर्स कलाकृति, आईना फ्रेम और बुढ़ापे की लाठी कलाकृति (नवीनीकरण) में देखा जा सकता है, जो उन्हें कला की दुनिया का सिरमौर कलाकार बनाता है।

## वाहन चोर को गिरफ्तार किया

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार को कार्यवाही करते हुए एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटर साइकिल बरामद की है।

डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया कि आरोपी सुनील कुमार निवासी कुरावन थाना श्यामगढ़ जिला मंदसौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इससे कई अन्य वारदात भी सामने आने की संभावना हैं।

# जैन श्रद्धालुओं ने मांगी एक-दूसरे से माफी

जयपुर, (का.सं.)। जैन धर्म में सबसे पवित्र मांगे गए भकादो माह और चल रहे दशलक्षण पर्व का समापन शनिवार को त्यागी-व्रतियों के पारने के साथ संपन्न हो गए हैं। सोमवार को एक माह और 16 दिन के उपवास करने वाले त्यागी-व्रतियों पारणा संपन्न होगा। इसी बीच जैन श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं का आयोजन भी शुरू हो गया है। रविवार को अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और मानसरोवर जैन समाज के सदस्यों ने अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा पहुंचकर मूलनायक पदमप्रभु के दर्शन किए। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने श्रीजी को श्रीफल के साथ सामूहिक अष्ट द्रव्य अर्घ चढ़ा, पदमप्रभ भगवान की चालीसा का गुणगान कर, सामूहिक मंगल आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से क्षमा मांगी। मानसरोवर संभाग अध्यक्ष कुलदीप छाबड़ा ने बताया की रविवार से अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ मानसरोवर संभाग ने अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा की मासिक पदमपुरा बसयात्रा का आयोजन शुरू किया। इसी कड़ी में रविवार को पदमप्रभ भगवान के दर्शनार्थ यात्रीगण यात्रा में शामिल हुए।

# वर्ल्ड ग्रीन बिल्डिंग वीक आज से

**जयपुर**, (का.सं.)। अपने विजन के साथ आगे बढ़ते हुए - "टू इनेबल सस्टेनेबल बिल्ट एन्वायरमेंट फॉर ऑल एंड फैसिलिटेट इंडिया टू बी वन ऑफ द ग्लोबल लीडर्स इन सस्टेनेबल बिल्ट एन्वायरमेंट" सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) और उनका नेटवर्क पूरे देशभर में 12 सितंबर से 16 सितंबर 2022 के बीच वर्ल्ड ग्रीन बिल्डिंग वीक 2022 मना रहा है।

वर्ल्ड ग्रीन बिल्डिंग वीक एक वार्षिक कैम्पेन है जो हितधारकों को हरित और स्वस्थ इमारतें बनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाता है। वर्ल्ड ग्रीन बिल्डिंग वीक 2022 की थीम, बिल्डिंग फॉर एवरीवन - वैश्विक भवन और निर्माण क्षेत्र से कम कार्बन और अत्यधिक लचीला निर्मित वातावरण के लिए समाधानों की गति में तेजी लाने का आव्हान करता है। पूरे सप्ताह के दौरान, आईजीबीसी और इसके 1800 से अधिक सदस्यों का नेटवर्क, 8250 ग्रीन बिल्डिंग पंजीकृत प्रोजेक्ट और 6000 के करीब आईजीबीसी के एपी देश भर में कार्यक्रमों की मेजबानी करेंगे और बिल्डिंग फॉर एवरीवन - निर्मित वातावरण के उदाहरण साझा करेंगे जो क्लाइमेट एक्शन और संपन्न समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को संचालित करते हैं। इस संबंध में, आनंद मिश्रा, चेयरमैन, आईजीबीसी जयपुर चैप्टर ने कहा, आईजीबीसी के सभी रेटिंग सिस्टम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकसित कई सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं। ग्रीन बिल्डिंग प्रोजेक्ट्स के मामले में राजस्थान सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है। धीरेंद्र मदान, को-चेयर, आईजीबीसी जयपुर चैप्टर ने कहा, हम एक वैश्विक आंदोलन देख रहे हैं जो 2050 तक नेट जीरो होने की आवश्यकता पर जोर देता है।

# 730 पशुधन सहायकों के नियुक्ति आदेश जारी

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश के गौवंशीय पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज के बीच पशुपालन विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार को 730 पशुधन सहायकों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने के आदेश जारी कर दिए है।

यह जानकारी देते हुए पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि प्रदेश में लम्पी रोग से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में रिक्तियों के आधार पर 18 जिलों में प्राथमिकता प्रदान करते हुए 730 पशुधन सहायकों के नियमित नियुक्ति के आदेश जारी गये है। उन्होंने बताया कि इन नव नियुक्त पशुधन सहायकों को सात दिन में कार्यग्रहण करना होगा। आदेश की प्रति पशुपालन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

कटारिया ने बताया कि मार्च 2022 में जारी विज्ञप्ति अनुसार 1136 पदों पर पशुधन सहायकों की

- **प्रदेश के गौवंशीय पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज को देखते हुए दिये नियुक्ति के आदेश**

भर्ती होनी थी जिसमें नव सृजित तीन सौ पशुधन सहायकों के पदों को शामिल करने का निर्णय कर यह भर्ती 1436 पदों पर की गई है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड से सफल अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त होने पर शेष रहे पदों पर भी यथाधीघ्र नियुक्ति आदेश जारी किये जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि गौवंशीय पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज को लेकर अभी हाल ही में 200 पशु चिकित्साधिकारियों को अस्थायी आधर पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

# कबीर वाणी व मीरा के सुमधुर भजनों से श्रोता भाव-विभोर



**जयपुर**, (का.सं.)। स्पिक मैके की ओर से सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय और स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी), जयपुर में कबीर वाणी गायन का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय बैरागी कबीर लोक भजन मंडल के विख्यात लोक कलाकार कालूराम बामनिया के साथ सह गायक उत्तम सिंह बामनिया ने संत कबीर और मीरा के समधुर भजनों की भाव मय प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का आगाज गुरु वंदना से किया गया। बामणिया ने गुरु वंदन, झीनी चदरिया, मत कर माया को अहंकार, मन लागा मेरा यार फकीरी में, जरा धीरे- धीरे गाड़ी हांको मेरे राम जैसे भजनों से छात्रों को मंत्रमुग्ध लिया। उन्होंने भजनों के माध्यम से रूढ़िवादी परंपरा से आगे बढ़कर ईश्वर को सच्चे दिल से याद करने का संदेश दिया।

## प्रेस क्लब में दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित

**जयपुर**, (का.सं.)। क्लब सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए पिंकसिटी प्रेस क्लब एवं मीरा डेंटल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डेंटल चेकअप कैम्प आयोजित हुआ।

Your manicure is surely incomplete if you do not opt for shades of pink. From baby pink to hot pink, the choices are definitely maximum when pink nail colour comes to mind! You can achieve the cutest feminine nail design by combining pink with your favourite nail colour. Plus, there are several ways to get an ombré effect, including French tips, horizontal effect, faded effect, vertical effect, half-and-half, etc.

### Nude ombré nails




Nude shade always gives your nails a naturally understated appearance. This minimalist ombré design suits every event, be it parties, weddings, or any occasion where you have to wear a dress code and appear refined with a poised elegance. Also, neutrals continue as an all-seasons trend and this nude manicure will reflect versatility.

### Pleasing pastel ombré effect

A pastel ombré can never ever go wrong. Be it any occasion or any colour choice, a pastel nail design will ALWAYS save the day! Pastels are known as pleasing pastels for a reason because they have the power to uplift your mood and your nail game. You can select any shade and go either matte or glossy - pastel ombré is your knight in shining armour.



### Lavender/Lilac/Purple ombré nails




The shades of purple do have a touch of calmness and royalty to them. Purple ombré nail design speaks highly about your individuality and persona. This trend creates a look that is equally smart and fashionable. Be it the cooler tones or the warmer ones - this nail paint spans an alluring and rich gamut. Plus, these look at their enticing best when done in a high gloss. You can wear this ultra-stylish ombré effect to glam evening events or anywhere you want to make a statement.



Rocky Marciano.

# What's so G.O.A.T about it?

## The real Italian Stallion!

There has to be difference between a Hall of Fame nominee and GOAT; GOAT or Greatest of All Time. Should be Undefeated, unparalleled in skill and the first to demystify the sport, where he or she stands; no one else stands. Goat defines the sport not the other way round. His personal story is unique, inspirational; GOAT is an outlier that defies gravity. Probably they are from outer space, an alien. Much like Superman is from the planet Krypton. Getting a silver should and is a disqualification for the status of GOAT.



Divij Sharma
*Arbit Correspondent*

*"It ain't about how hard you can hit. It's about how hard you can get hit and keep moving forward."*
***-Rocky Balboa***

#WHATS-A-GOAT

This is article is for the lovers of the sport of boxing i.e. Mr. Salil Dutt and Rakshat Hooja, Sir let me tell you a story about a G.O.A.T.

It is very easy these days to call someone a GOAT (Greatest of All Times); I mean we have many who have been given this title from footballers like Cristiano Ronaldo to Leo Messi, Roger Federer in tennis and in the much abused world of cricket like Tendulkar, Shane Warne or Muttiah Muralitharan. In fact, these days Goat has to be described by specialty like the two aforementioned cricketers will be Goat of wicket takers. In honesty, at the cost of being rude, this is bastardizing the concept to fit the bill of popularity. With so many Goats around it feels like we are running George Orwell's 'Animal Farm'? (Pun intended) there has to be difference between a Hall of Fame nominee and GOAT. Getting a silver should and is a disqualification for the status of GOAT.

GOAT should be in my opinion, as is the full form, Greatest of All Time. Undefeated, unparalleled in skill and the first to demystify the sport, where he or she stands; no one else stands. Goat defines the sport not the other way round. His personal story is unique, inspirational; GOAT is an outlier that defies gravity. Probably they are from outer space, an alien. Much like Superman is from the planet Krypton.

There is only one in the world of sports that fits the aforementioned vicissitudes like a hand in glove on a cold winter morning and it is not Pele, Michael Phelps or Serena Williams. He was formally known as Rocco Francis Marchegiano, his fans called him Rocky Marciano.

Rocky was a professional boxer who competed from 1947 to 1955, and held the world heavyweight title from 1952 to 1956. He is the only heavyweight champion to have finished his career undefeated. His six title defences were against Jersey Joe Walcott (from whom he had taken the title), Roland La Starza, Ezzard Charles (twice), Don Cockell and Archie Moore. Marciano remains the only fighter to have stopped every opponent he ever faced for the world heavyweight title, and shares, with Joe Louis, the highest knockout-to-win percentage in world heavyweight title fights at 85.71%.His career knockout-to-win percentage of 87.8% remains one of the highest in heavyweight boxing history. His record stands as total fights in his career at 49 total wins at 49 and wins by knockout at 43.

### Style


Rocky was unlike a heavyweight fighter, he stood at 5ft10inch in height; he was strong but slightly built. In short, he did not have the height or the weight of muscle, neither was he black. He had everything going against him, he was too short and he had the smallest reach ever in the world of heavy weight boxing. It was difficult to understand, at the time, as to what he was doing in the ring. Experts did not understand his style of fighting; they called him brawler some called him 'airplane propeller' for the relentless punches he threw at his opponent, not giving damn if the defences were up or down. He did not care for his own defences and was known to be knocked down in nearly every bout he fought, always had cuts and bruises on his face in nearly all his fights. A misfit for the sport he was to dominate. Since he was short for the weight category, he started to concentrate on the torso of his opponents in place of the face that was usually the chosen target for everyone. A New York Times reporter James Dickinson once asked him "why do you target the torso and not the face of your opponent". To which he quipped "Aim big, miss small. Aim small, miss big". In 1986, when the United States Army opened their sniper school, their motto to train future snipers was designed around the aforementioned lines, I am just saying.

Before we dive deep into his fighting style, there is one very important point to keep in mind, before the 1950's, style of boxing was not the greatest gift one had to have, strength and opportunity played an important role. Having a 'heart of a champion' was the discussion point among enthusiasts, people discussed and coaches executed left handed or right handed punches depending largely on what they thought would work, rather than any skill or scientific reasoning. Which is why Rocky's style of boxing is called 'Orthodox', this is the point in boxing history where style became important, where coaches paid deep interest on the individual boxer to develop skills that could help them dominate the ring.

From here you could be either a southpaw or north paw, from here you could have a quick movement off the feet, from here your bob and weave will matter. It is from him style became important, after all, he was a misfit yet he survived and dominated.



Rocky landing a Suzy Q on Joe Louis, Demolishing him.




Rocky on the cover of Sports Illustrated Magazine.

### Leaning Style

Many of the elite fighters from the golden age of the 50's, or even as far back as the 30's, are known today for the everlasting fall in their stance. They seem as though they constantly edge towards the floor by leaning to their right, and moving their head downwards. When you think of this, Slick fighters like Ezzard Charles or Joe Louis are usually attached to this 'classic style'. Rocky could also be attributed to having this style, for he leaned more so than maybe all of them.

From a technical perspective, leaning to the right served to take the head off the 'centreline', which refers to the immediate target of enemy attack where the head usually is. Rocky's lean meant he made it more difficult for opponents to quickly get to him with straight punches. Being in a state of slipping, or at least halfway, made it much easier to move his head to duck or slip punches, compared to if his back was upright and straight. Contrary to common belief, Rocky could be a slippery customer at times. When he got hit, it was usually because he cared little for defence, or it was the product of prowess from smart opponents (such as Joe Louis, Ezzard Charles and La Starza).

> Rocky was a come-forward fighter. He loved to back his opponent up, and apply intense pressure, as much as he could. To do this successfully one needs to have the ability to seamlessly shift. This involves 'shifting' into southpaw to keep control of your momentum, rather than see it fall to your front foot.

### Parry

In addition to his leaning and low stance, Rocky had another line of defence in the form of his rear glove. Common convention usually sees a fighter hold his rear (right if orthodox, left if southpaw) glove to the side of his chin, especially if a side-on stance is adopted. However, Rocky had his right glove in front of his face. If an opponent were to throw a jab, they would find that they would run into the defensive wall that was his rear glove, so untimed jabs were rarely a success.

Punching off of his parries were a great way to counter his opponent as they committed forward, allowing their momentum to be pushed onto their front foot. With their weight and momentum towards the front, it delayed the amount of time it took to get back out again. This bought enough time for Rocky to leap up with punches, and take advantage.



Rocky with mother, being a good Italian son.

### Crouching Stance

Rocky was well known for his crouch. Rocky was one of the shortest heavyweight champions in history, but instead of shying away from what made him unique, he embraced it and went to make himself even smaller than he already was by crouching. Making him a smaller target in such a way, negated a great many straight punches, which were thrown without full weight behind it. And if his opponents did, then they would make it easier for Rocky to catch them with counters.

### Overhand Rights - Suzy Q

Marciano's most famous offensive tool was his overhand right, nicknamed his 'Suzy Q'. Rocky would throw the punch endlessly when at close range, throwing barrages at his opponent to smash to pieces their defences, as well as their desire to win. The right was whipped in from a high angle, going downwards and usually recoiling back from his hip. Rights are most commonly pushed out, and momentum is generated from the turning of the shoulders, but Rocky also generated a lot of momentum by looping it out and back in, at a wide trajectory.

### Shifting

Rocky was a come-forward fighter. He loved to back his opponent up, and apply intense pressure, as much as he could. To do this successfully one needs to have the ability to seamlessly shift. This involves 'shifting' into southpaw to keep control of your momentum, rather than see it fall to your front foot. Rocky, however, took it a step further, shifting from orthodox, to southpaw, to orthodox again, and could punch effectively in between doing so. Rocky had a unique left hook. He would throw the punch whilst shifting his back foot in front. This allowed him to cover distance, and maintain pressure as some opponents tried to back up and escape. Coming from a crouch, this usually meant that the nature of his hook was extremely unpredictable. Not only did he spring up from extremely low angles, but he also hunted you down extremely quickly, even if you increased the distance.


### Final Note

Rocky may not have been the most technical fighter the 50's had to offer. But those that were contenders for that title, fell victim to his torrent of violent assaults. Besides, the style of Rocky easily commands the love of boxing fans to this day. But despite the admiration we have for his exciting approach, it must never be forgotten that he wasn't without legendary skill.

### The Super Fight

The Super Fight was a fictional boxing match between Rocky Marciano and Muhammad Ali shot in 1969 and released in 1970. At the time, Ali and Marciano were the only undefeated heavyweight champions in history and fans often debated who would win had they met in their primes. Ali and Marciano were filmed sparring for 75 one-minute rounds producing several possible scenarios for a genuine fight, with the result claimed to have been determined using probability formulas entered into a computer.

The final film was only shown once in select cinemas around the world, grossing $5 million ($35 million adjusted for inflation) from 1,500 theaters across North America and Europe. Punch-by-punch details of the boxer's records during their prime were entered into an NCR 315 computer. Also their strengths, weaknesses, fighting styles and patterns and other factors and scenarios that the boxers could go through were converted into formulas. The actual running of the software was done the night before each broadcast round of the 'computer championship' and took approximately 45 minutes to run, the output was a formatted report containing a series of codes describing each punch. This was then written to magnetic tape; the tape was then manually transferred to a Univac 1005 and printed. This took place in early 1968.




A super fight promotion poster.

> Marciano's most famous offensive tool was his overhand right, nicknamed his 'Suzy Q'. Rocky would throw the punch endlessly when at close range, throwing barrages at his opponent to smash to pieces their defences. The right was whipped in from a high angle, going downwards and usually recoiling back from his hip.

The outcomes were then staged as radio plays with Woroner and radio announcer Guy LeBow as the commentators. The fantasy fights were broadcast worldwide. Even the boxers who were still alive at the time listened to the programs and some of them participated as commentators.

It is for this format both Ali and Marciano agreed on the condition that they would also receive a cut of the film's profits. Marciano, whose last fight before retiring undefeated at 49-0 was 14 years prior, also agreed to participate with a similar deal. In preparation for the film, Rocky lost over 50 pounds (23 kg) and wore a toupee in order to look as he did in his prime. Both he and Ali were reported to be enthusiastic about meeting each other and getting back in the ring.

The same formulas as the radio fantasy fights were used and entered into the NCR 315, with filming commencing February 1969 in a Miami studio. The two fighters sparred for between 70 and 75 rounds, which were later edited together according to the findings of the computer. Braddock, Louis, Schmeling, Sharkey and Walcott also recorded commentary to be used in the film.

The final outcome would not be revealed until the release of the film on January 20, 1970, shown in 1,500 theatres by video link in the United States, Canada, and throughout Europe. American and Canadian audiences were shown a version of Marciano knocking out Ali in the 13th round. During the build up to the release of the film, the outcome of the fight was known to some, this infuriated Ali and he threatened Woroner with a lawsuit, in response, the producers announced all film prints had been destroyed.

Debates subsequently took place over the next three decades as to whether at least one print of film had survived to answer who had actually won the fight. Following an official discovery of a surviving print in 2005, it was discovered that the one the GOAT had defeated Ali even in the virtual world.

### Conclusion

When you decide on the new GOAT please do remember Rocky is waiting for him in the ring, he is now part of a computer program always available to any to challenge.

writetoarbit@rashtradoot.com



Rocky Marciano in training with his coach Charlie Goldman.

#COVID-19

# Greater Protection

Athird vaccine dose provided greater protection against infection and hospitalization from the Omicron variant than with two vaccines and also that there was less evidence of waning protection.



Two vaccine doses provide only limited and short-lived protection against SARS-CoV-2 infection with the Omicron variant. A study publishing September 1st in the open-access journal PLOS Medicine by Mie Agermose Gram at Statens Serum Institute, Copenhagen, Denmark and colleagues suggests that a third COVID-19 vaccine dose increased the level and duration of protection against Omicron infection and hospitalization.

Emergence of new SARS-CoV-2 variants may decrease long-term vaccine durability, increasing the risk of infection and hospitalization. However, evidence is limited regarding the vaccine effectiveness of three vaccines over time. In order to estimate the effectiveness of two or three vaccine doses against COVID-19 infection and hospitalization, researchers conducted a nationwide cohort study of all previously uninfected Danish residents aged 12 and older by accessing individual-level data stored in the national Danish Civil Registration System and Danish Vaccination Registry. The researchers then estimated vaccine effectiveness using vaccination status as a time-varying exposure, adjusting for age, sex, geographic location, and comorbidities, before comparing infection and hospitalization rates to unvaccinated individuals.


The researchers found that a third vaccine dose provided greater protection against infection and hospitalization from the Omicron variant than with two vaccines and also that there was less evidence of waning protection. Future studies are needed to better understand the durability of a third vaccine dose after 120 days and evaluate the need for subsequent boosters. One limitation of the study was that the data was non-randomized, so there could be unmeasured differences between the vaccinated and unvaccinated groups.

According to the authors, "Our findings indicate that a third dose is necessary to maintain protection against infection for a longer time and to ensure a high level of protection against COVID-19 hospitalization with the Omicron variant. Continued emergence of new variants and waning vaccine durability require ongoing evaluation of vaccine effectiveness against infection and hospitalization to inform future vaccination strategies".

Gram adds, "Despite being less effective against infection with Omicron than previous variants, a third mRNA COVID-19 vaccine dose offers better protection against Omicron infection than two doses and protects well against COVID-19 hospitalization."




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# लाल कोठी अब बनी कस्बा पुलिस चौकी, पुलिस ने लिया अंडर में

## एसपी मृदुल कच्छावा के नेतृत्व में शहर में खौफ का खात्मा




पुलिस ने इस लाल कोठी पर पुलिस चौकी कस्बा झुंझुनूं का पोस्टर लगाकर इसे शुरू कर दिया है।

**झुंझुनूं,** (निस)। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राकेश झाझड़िया की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए शहर में युवाओं के बीच में खौफ पैदा करने वाले गब्बर गैंग के अड्डे को अपनी पुलिस चौकी बना डाला है। जिसके बाद बदमाशों के एक खौफ का खात्म हो गया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बीती रात को शहर की लाल कोठी में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इस सर्च ऑपरेशन के दौरान यहां से करीब दो ट्रकों में सामान जब्त किया गया। वहीं लाल कोठी का कोई भी मालिक ना होने के कारण इसे अपने अंडर में ले लिया।

रविवार सुबह पुलिस ने इस लाल कोठी में फौरी तौर पर साफ-सफाई कर दोपहर में पुलिस चौकी कस्बा झुंझुनूं का पोस्टर लगाकर इसे शुरू कर दिया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि इस कोठी पर अवैध कब्जे की सूचनाएं मिली थी। जब पुलिस ने सर्च किया। तब भी कोई नहीं मिला और लगातार शिकायतें मिल रही थी कि शहर के कुछ बदमाशों ने इसे अपना अड्डा बना रखा है। इसलिए फिलहाल कानूनी प्रक्रिया को अपनाते हुए पुलिस ने इस लाल कोठी को अपने अंडर में लिया है। जहां पर कोतवाली थाने से पुलिस जाब्ता लगाकर पुलिस चौकी शुरू कर दी है।

भविष्य में प्रोपर तरीके से यहां पर पुलिसकर्मियों का पदस्थापन किया जाएगा। लाल कोठी में पुलिस चौकी खुलने से ना केवल शहर में खुशी का माहौल है। बल्कि बदमाशों के अंदर में भी इस तरह की कार्रवाई के बाद खौफ पैदा हो गया है। शहर के लोगों ने एसपी द्वारा की गई इस कार्रवाई की प्रशंसा की है। आपको बता दें कि रात-दिन लाल कोठी में आने-जाने वाले बदमाशों के चलते शहर के लोग भी खासे परेशान थे। लेकिन बदमाशों के चक्कर में कोई आवाज नहीं उठा रहा था।

**दो ट्रकों में भरकर सामान को किया जब्त, कोठी की खाली:-** इससे पहले शनिवार को धरने पर बैठे पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राकेश झाझड़िया के समर्थकों को आश्वासन देने के आठ घंटे बाद ही एसपी मृदुल कच्छावा ने देर रात को बड़ा कदम उठाते हुए शहर में बदमाशों के अड्डे के रूप में पहचाने जाने वाले लाल कोठी में रेड डाली। एसपी ने केवल रेड ही नहीं डाली। बल्कि लाल कोठी को कानूनी नियमों के मुताबिक अपने अंडर में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक रात को करीब नौ बजे एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह तथा शहर कोतवाल सुरेंद्र देगड़ा के नेतृत्व में भारी पुलिस जाब्ता अचानक राणी सती मंदिर के समीप स्थित लाल कोठी पहुंचा। जहां पर चारों ओर से लाल कोठी को घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस का जाब्ता जब वहां पहुंचा तो तो वहां पर भी कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। लेकिन भारी मात्रा में लाठियां, सरिए और लोहे की पाइप जरूर मिली है। पुलिस ने लाल कोठी से करीब दो ट्रकों में भरकर सामान जब्त कर कोठी को पूरी तरह खाली कर दिया है। वहीं कोठी के मालिकाना हक को लेकर विवाद को देखते हुए उसे अपने अंडर में ले लिया है। रेड के दरमियान एसपी मृदुल कच्छावा भी पहुंचे।

उन्होंने पूरी कोठी का जायजा लिया। यहां तक की कोठी में बने बेसमेंट का भी निरीक्षण किया। जहां सिर्फ पुराना कबाड़ ही मिला। फिलहाल इस रेड को लेकर पुलिस भी कुछ नहीं कह रही है। साथ ही एसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शहर में अन्य जगहों पर अवैध तरीके से कब्जे करके बैठे बदमाशों के अड्डों की पहचान कर उन पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाए। ताकि अपराधों में कमी लाई जा सके।

# दिल्ली में तैनात आरएसी जवान की बेटी को बंधक बना लूट

## खेतड़ी उपखण्ड के शिमला ग्राम की घटना



लूट की घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**खेतड़ी,** (निसं)। उपखंड के शिमला ग्राम के आरएसी के जवान जवान की बेटी को दिनदहाड़े बंधक बनाकर दो नकाबपोश युवकों ने लूट को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार शिमला ग्राम के ओमप्रकाश पुत्र दाताराम यादव दिल्ली में आरएसी में तैनात है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे ओमप्रकाश की पत्नी प्रेम व बेटा मोनू परिजन घर के पास ही खेत में काम करने हुए गए थे। घर पर 20 वर्षीय बेटी प्रमिला अकेली थी। वह घर में टीवी देख रही थी। तभी अचानक दो नकाबपोश आए और उन्होंने आते ही प्रमिला से पहले उसका नाम पूछा। फिर उसके पिताजी का नाम पूछा एक ने गाल पर खींचकर थप्पड़ मारा तथा दूसरे ने चुन्नी से उसका मुंह बांध दिया तथा पीछे दोनों हाथ बांध दिए। एक नकाबपोश प्रमिला के पास ही खड़ा रहा तथा दूसरा अंदर जाकर कमरे में रखी संदूक का ताला तोड़कर उसमें से करीब 20 हजार की नकदी सोने चांदी के आभूषण लेकर घर को कुंडी लगाकर दीवार फांद कर भाग गए।

घटना की सूचना पर मेहाड़ा थाना अधिकारी सरदारमल यादव तथा खेतड़ी थानाधिकारी विनोद सांखला पहुंचे और मामले की गहनता से जांच में जुट गए सरदारमल यादव ने बताया कि आरएसी के जवान ओमप्रकाश की बेटी प्रमिला को बंधक बनाकर चोरी करने की वारदात की जानकारी मिली है। जिस पर मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों के रिपोर्ट के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएसपी राजेश कसाना ने बताया कि दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात को लेकर हरियाणा पुलिस को सूचना दी गई है तथा आसपास के थानों में हाई अलर्ट कर नाकाबंदी की गई है।

## ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा

**डूंगरपुर,** (निसं)। सीमलवाडा मार्ग पर पोहरी खातुरात के निकट सवारी से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सडक पर पलट जाने से ऑटो में बैठे एक व्यक्ति चोंटे आई। जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के करावाडा गांव के पोहरी खातू रात पीएससी के निकट रविवार सुबह करीब साढे नौ बजे एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के ओटो में सवार पाडली गुजरेश्वर निवासी राकेश पुत्र रमेश जोगी को गंभीर चोंटे आई। जिसे 108 की मदद से परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# तीन दिवसीय रथोत्सव का आगाज

**डूंगरपुर,** (निसं)। जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव रविर रात से प्रारंभ हो गये। जिसके तहत गेपसागर की पाल पर देर रात्रि तक गैर व भुलमणी पर युवक व युवतियों की टोलियां भगवान की स्तुति में नाचते रहे।

रविवार रात्रि को घाटी स्थित नैमिनाथ- मल्लिनाथ युगल मंदिर से रथ फौज का बडला, माणक चौक होते हुए घुमटा बाजार पहुंचा जहां से कोटडिया जैन मंदिर का रथ शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक, विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर पहुंचे। इस दौरान शोभायात्रा में सम्मिलित जहां महिलाएं मंगल गीत गा रही थी, तो वहीं दूसरी ओर राह में जगह-जगह रथों में विराजित भगवान की धर्म प्रेमी स्तुति व वंदन कर रहे थे। गेपसागर की पाल पहुंच कर भगवान की पूजा अर्चना व आरती के कार्यक्रम संपादित हुए और इसके पश्चात ढोल नगाढों की थाप व बांसुरी की मधुर स्वर लहरियों पर युवक व युवतियां अलग अलग रूप से गैर भुलमणी नृत्य का नये परिधानों में सज-धजकर खेलते हुए आनंद ले रहे थे।

## ट्रेन की चपेट से बालक की मौत

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। रविवार को सुबह 5:00 बजे किताब-कॉपी लेने गए 15 वर्षीय बालक की पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महावर कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय छात्र मोनू पुत्र श्याम सुंदर अपने नए मकान बाइपास पर सुबह पढ़ ाई से संबंधित किताब कॉपी लेने गया था, जिसकी मडावरा फाटक पर पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से असामयिक मौत हो गई। सूचना पर शव को अस्पताल की मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखवाया। डॉक्टरों से पोस्टमार्टम करबाकर शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# जेएनवीसी के 28 घरों में चल रही अवैध दुकानें

- **लोकायुक्त ने यूआईटी सचिव को तलब किया**

**बीकानेर,** (कासं)। व्यास कॉलोनी मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक लोगों ने अपने घरों में दुकानें-शोरूम बना लिए हैं। लोकायुक्त ने इस मामले में यूआईटी सचिव को तलब किया है। उसके बाद यूआईटी ने ऐसे 28 मकान मालिकों को नोटिस देकर व्यावसायिक परिसर को सीज करने की चेतावनी दी है। व्यास कॉलोनी की मेन रोड मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक पूरी रोड व्यावसायिक दृष्टि से बहुत ज्यादा उपयोगी हो गई है। इसे देखते हुए इस रोड पर रहने वाले लोगों ने अपने आवासीय परिसर में ही जमीन का व्यावसायिक भू उपयोग परिवर्तन कराए बिना दुकानें-शोरूम बना लिए हैं।

इसकी शिकायत होने पर लोकायुक्त ने यूआईटी सचिव को 13 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है। अगर सचिव की ओर से इस मामले में आवश्यक जवाब, दस्तावेज और रिपोर्ट तारीख पेशी से पहले दी जाए तो उन्हें पेश नहीं होना पड़ेगा। लोकायुक्त के इस आदेश के बाद यूआईटी ने व्यास कॉलोनी मूर्ति सर्किल से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक सर्वे करवाया तो सामने आया कि 28 घरों में अवैध रूप से दुकानें-शोरूम बना लिए गए हैं। इन सभी को नोटिस देकर सात दिन में व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर व्यावसायिक परिसर सीज करने की चेतावनी दी गई है। व्यास कॉलोनी में यूआईटी ने मूर्ति सर्किल के पास गोल बाजार में महंगी दरों पर दुकानें दी थी। लेकिन, मेन रोड पर ही घरों में दुकानें बना देने से गोल बाजार फेल होने लगा। इससे गोल बाजार स्टेच्यू सर्किल विकास समिति ने जून, 18 में मेन रोड से पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहे तक घरों में अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियां चलाने की शिकायत लोकायुक्त से की थी।

बीकानेर यूआईटी सचिव यशपाल आहूजा का कहना है कि सर्वे में सामने आया है कि 28 मकान मालिकों ने जमीन का भू रूपांतरण कराए बिना ही अपने घरों में दुकानें-शो-रूम बना लिए हैं। इन सभी को नोटिस दिए गए हैं। भू रूपांतरण कराए बिना व्यावसायिक गतिविधियां की तो राजस्थान नगर सुधार अधिनियम, 1959 की धारा 90ए में कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने किया थाने का घेराव




मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सदर थाने का घेराव किया।

**सीकर,** (निसं)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सदर थाना घेराव करके लड़की को बरामद करने की मांग कि सांवलोदा पुरोहितान की लड़की को लेकर पिलानी का लड़का भगा कर ले गया और लड़की अपनी बड़ी बहन और मां का गहना लेकर लड़के के साथ फरार हो गई। इसी की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों में थाना का घेराव करके लड़की को बरामद करके और गहने जप्त कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र डोरवाल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों में थाने का घेराव किया और मांग की लड़की और गहने जल्दी से जल्दी जप्त करें।

इस मामले को लेकर पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र शर्मा व थाना अधिकारी से वार्ता की पुलिस ने पूर्ण रूप से आस्वस्थ किया की टीम रवाना कर दी गई है और जल्दी लड़की व चोरी का सामान बरामद करना है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलसुख चौधरी, विकास पचार, हरि नागा, दिनेश ठेहट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पाक विस्थापित को हाइड्रो क्रेन ने कुचला, मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सूरसागर क्षेत्र में शनिवार को काम से घर जा रहे एक पाक विस्थापित भारतीय नागरिक को एक हाइड्रो क्रेन ने कुचल दिया। उसको उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां कल रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार फिदूसर चौपड़ क्षेत्र के अम्बेडकर नगर स्थित पाक विस्थापित भील बस्ती निवासी 56 वर्षीय वजीरा भील पैदल अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पीछे से आए हाइड्रो क्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे वजीरा भील बुरी तरह से घायल हो गया। क्षेत्र के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वजीरा के कोई संतान नहीं थी। उसके परिवार में अब पत्नी ही है। रविवार सुबह पाक विस्थापित भील बस्ती के लोगों ने शव उठाने से मना कर दिया। महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर वे बड़ी संख्या में एकत्र हो रहे है। इन लोगों का कहना है कि वजीरा राम के परिवार में पत्नी के अलावा कोई नहीं है।

# उड़ीसा से तस्करी कर राजस्थान लाई जा रही गांजे की खेप पकड़ी

- **कार सवार तीन अंतर्राज्यीय तस्करों से 8 लाख का 44.35 किलो गांजा बरामद**
- **सीआईडी क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्यवाही**

**जयपुर,** (निसं)। राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एक और बडी कार्रवाई करते हुए भीलवाडा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में कार सवार 3 अंतरराज्यीय तस्कर भगतपुरिया जिला भीलवाडा निवासी रविंद्र सिंह एवं बक्शु लाल जाट एवं सतखण्डा जिला चित्तौडगढ निवासी मोहन लाल उर्फ बबलू नायक को गिरफ्तार कर उच्च क्वालिटी का 44.35 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त किये गये गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये है।

एडीजी क्राइम डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उडीसा से मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर राजस्थान ला रहे थे। इसके बारे में मुखबिर से सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम को चित्तौड़गढ़ और भीलवाडा की तरफ रवाना किया गया। सूचना के अनुसार तस्करों की कार की पहचान कर पीछा किया गया। भीलवाडा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से तस्करों की कार को टीम ने रोक लिया।

एडीजी ने बताया कि कार की तलाशी में कार के नीचे स्टेपनी लगाने वाली जगह पर बनाएं गुप्त चैम्बर से 14 पैकेट में 44 किलो 351 ग्राम उच्चतम क्वालिटी का गांजा मिला। जिसे कारोई थाना पुलिस द्वारा जप्त कर कार सवार तस्कर रविंद्र सिंह, बक्शु लाल जाट एवं मोहन नायक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। जिनसे थाना पुलिस द्वारा अठिम अनुसंधान किया जा रहा है। एडीजी डॉ मेहरडा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर रविंद्र सिंह, बक्शु लाल जाट एवं मोहन नायक शातिर तस्कर है। जिन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वे पहले भी अन्य राज्यों से अवैध मादक पदार्थ तस्करी कर राजस्थान में सप्लाई करते रहे हैं। कई बार पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे हैं।

एडीजी ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम इन तस्करों पर लंबे समय से नजर रख रही थी। शनिवार को जैसे ही आरोपी तस्कर गांजे की तस्करी कर राजस्थान लाये, टीम ने इन्हें दबोच लिया। इस पूरी कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल शाहिद अली एवं कॉन्स्टेबल रविंद्र सिंह की अहम भूमिका रही तथा कॉन्स्टेबल कृष्ण गोपाल का तकनीकी सहयोग रहा।

सीआईडी क्राइम ब्रांच के उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह के सुपरविजन व इंस्पेक्टर शिवदास मीणा के नेतृत्व में एएसआई दुष्यंत सिंह, हैड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह व कांस्टेबल चालक विश्राम मय कारोई थाना पुलिस टीम शामिल रहे।

# डकैती मामले में फरार आरोपी को जयपुर में पकड़ा

- **आरोपी ने पीड़ित को फैक्ट्री पर आकर एवं फायर कर मांगे थे पैसे**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले की ग्रामीण पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे डकैती के आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अनिल कयाल ने बताया कि पुलिस थाना फलोदी क्षेत्र से मामले मे करीब 6 माह से फरार आरोपी सीकर के अर्जुनसिंह उर्फ अज्जु उर्फ अजय सिंह को जयपुर से पकड़ा गया है।

एसपी ग्रामीण ने बताया कि 15 मार्च को जुगल किशोर निवासी मथानिया हाल निवासी बैंगटी कला ने एक रिपोर्ट दी थी। इसके अनुसार उसकी बेंगटी कला में सच्चियाय मां कोंटेक्स नाम से फैक्ट्री आई हुई है। चार नकाबपोश युवक मेरी फैक्ट्री में कार लेकर आए और उनमे से तीन मेरे ऑफिस में घुस आये। मुझे धमकाते हुए पिस्तौल व चाकू दिखाकर कहने लगे जल्दी से रुपए निकालो। एक ने मेरे ऊपर पिस्तौल से फायर किया जो मेरे पेट के पास कमीज को फाड़ते हुए काउन्टर के लगा। दूसरे ने भी फायर किया जो चला नहीं। मुझे धक्का देकर गिरा दिया तथा मेरे गले में पहनी सोने की चेन खींचकर ले ली। मुझे चाकू दिखाकर डराया धमकाया तथा गल्ले की चाबी मांगी तो मैने कहा चाबी मेरे पास नहीं है।

बदमाशों ने मेरे पुत्र अशोक राठी पर भी फायर किए। जिससे उसके पुत्र के बांये पैर के घुटने पर गोली लगी जिससे वो नीचे गिर गया। इतने में फैक्ट्री में काम करने वाले भंवरलाल, सुनील, भैराराम व मजदूर को आते देख वे चारों फायर करते हुए कार में बैठकर बैगंटी कला गांव की तरफ कार लेकर भाग गये। फलोदी थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि प्रकरण में पूर्व में आठ आरोपी की गिरफ्तार हो चुके है। आरोपियों से दो देशी कट्टा व एक पिस्टल व जिन्दा कारतूस बरामद किए गए।

## महापौर का फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बना पैसे मांगे

**जोधपुर,** (कासं)। नगर निगम दक्षिण महापौर वनिता सेठ की फोटो लगाकर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है। इस व्हाट्सएप के जरिए शातिर ठग कई लोगों से अमेज़न पे गिफ्ट के नाम पर पैसे की डिमांड कर रहा है।जानकारी मिलने के बाद महापौर दक्षिण वनीता सेठ ने इस संबंध में सरदारपुरा थाने में रिपोर्ट भी दी है।

वनीता सेठ ने बताया कि कुछ पार्षदों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि उनकी फोटो लगाकर एक ठग ने फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया है तथा 8074853398 नंबर से कई लोगों को अमेजिंग गिफ्ट कार्ड का लिंक भेज कर पैसों की डिमांड कर रहा है। महापौर वनीता सेठ ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में सरदारपुरा थाने में लिखित रिपोर्ट दी है, साथ ही सभी से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति उनके नंबर से या अन्य किसी नंबर से उनकी फोटो लगाकर अगर पैसों की डिमांड करें तो उसके साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन नहीं करें और संबंधित थाने में इसकी रिपोर्ट दें।

# कृपाल सिंह जघीना हत्याकांड के पांच आरोपी पकड़े

## इंदौर से गोवा जाते समय मुख्य आरोपी सहित रास्ते में किया गिरफ्तार



भरतपुर पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में सात दिन पहले हुई कृपाल सिंह जघीना हत्याकांड का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सहित 5 आरोपियों को इंदौर से गोवा जाते समय रास्ते में गिरफ्तार कर लिया।

सहायक पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाघ्याय को एक टेक्नीकल सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त गण दो अलग-अलग टीमों में विभाजित होकर देश के अलग-अलग दिशा में अपनी फरारी काटने के लिये जाकर छुपे हुये है। इस पर फील्ड व टेक्निकल टीमों का गठन किया। फील्ड टीम को हिमांशु सिंह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर के लिये रवाना किया गया।

जहां एक उच्च स्तर की तकनीकी आसूचना के आधार पर विभिन्न इलाकों में दबिश डाली गई तथा अभियुक्तों द्वारा जिन जिन से सम्पर्क किया गया उन सभी को चिन्हित कर पूछताछ की गई जिस पर टीम द्वारा किये गये अथक प्रयासो और टेक्नीकल टीम से मिली इनपुट का विष्लेषण कर यह सूचना संकलित की गई कि गैंगस्टर कुलदीप व उसके साथी इन्दौर मे एक दिन पहले आये थे यहां पर उन्होने स्विफट डिजायर गाडी की व्यवस्था की और अपने फरारी काटने के लिये व एसो-आराम के लिये गोवा रवाना हो गये हैं।


अभियुक्तों के ठिकानो पर मिले टेक्नीकल आसूचना और लोकल मुखबिरी से मिली इनपुटस का विश्लेषण कर बृजेश ज्योति उपाघ्याय आईपीएस ने फील्ड टीम के प्रभारी हिमाशु सिंह के नेतृत्व मे तत्काल अभियुक्तों का पीछा करने के निर्देश दिये गये। अभियुक्तों के द्वारा इन्दौर को काफी समय पहले छोड देने व काफी दूर निकल जाने पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेन्ज भरतपुर ने पुलिस अधीक्षक भरतपुर से प्राप्त सारी सूचनाओं पर त्वरित निर्णय लेते हुये महाराष्ट्र की कोल्हापुर पुलिस से समन्वय स्थापित कर भरतपुर की फील्ड टीम जो कि अभियुक्तों का पीछा कर रही थी उसको सहयोग प्रदान करने के लिये कोल्हापुर से एक पुलिस टीम को हिमांशु सिंह को सहयोग के लिए उपलब्ध कराया।

उच्चअधिकारीयो द्वारा लिये गये इस त्वरित निर्णय से गैंगस्टर व उसके साथियो को गोवा पहुंचने से कुछ ही घण्टो पहले ही गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह उर्फ गौरू जाट निवासी चार थोक जघीना, विश्वेन्द्र सिंह जाट निवासी गांव पाली, राहुल पुत्र जाट निवासी तीन थोक जधीना, विजयपाल सिंह उर्फ भूरा जाट निवासी नगला खंगर उवार व प्रभाव सिंह उर्फ भोला जाट निवासी चार थोक जघीना को गिरफ्तार किया है।

# मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में लंपी संक्रमित गौवंश की मौत के आंकड़े में सुधार होने लगा

**मालपुरा, (निसं)।** गौवंश में तीव्र गति से फैलते लम्पी संक्रमण की रोकथाम को लेकर उपखण्ड प्रशासन व पशु चिकित्सा विभाग द्वारा की जा रही जी तोड मेहनत व प्रयासों से अब मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में संक्रमित गौवंश की मौत के आंकडे में सुधार होने लगा है। एसडीएम रामकुमार वर्मा व पशु चिकित्सा नोडल प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने टीम के साथ आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों पर बनाये गये आईसोलेशन सेन्टरों का निरीक्षण कर विभागीय कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही गांव में पशुपालकों के बाडों में पहुंच संक्रमित पशुओं को अन्य पशुओं से अलग बाडे में रखे जाने एवं आयुर्वेदिक पद्धति के साथ चिकित्सकीय सलाह व उपचार करने के निर्देश दिये। रविवार को पंचायत समिति के सभागार में लम्पी रोग की रोकथाम व बचाव को लेकर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय की



एसडीएम आरके वर्मा व नोडल प्रभारी अनिल परतानी ने आईसोलेशन सेन्टरों का निरीक्षण किया

अध्यक्षता में उपखण्ड क्षैत्र के पशु चिकित्सा अधिकारियों व पशुधन सहायकों की बैठक आयोजित की गई। नोडल प्रभारी डॉ. परतानी व तहसीलदार सहदेश मंडा ने संक्रमण से गौवंश को बचाने के लिए पशुधन सहायकों को मुस्तैद रहकर कार्य करने की बात कही। डॉ. परतानी ने बैठक में बताया कि रविवार तक के आंकडों

- प्रशासन व पशु चिकित्सा विभाग के प्रयासों से हो रहा सुधार

में मालपुरा शहर सहित ग्रामीण क्षैत्रों में 3884 गौवंश संक्रमण से प्रभावित होना चिन्हित किया गया है।

तो संक्रमण के अत्यधिक प्रभाव व दबाव से 445 गौवंश की मौत का आंकडा सामने आया है। वहीं 2060 गौवंश का उपचार आईसोलेशन सेन्टरो सहित घर-घर पहुंचकर किया जा रहा है। तो 1273 संक्रमित गौवंश संक्रमण के प्रभाव से मुक्त हुए है। संयुक्त निदेशक ने लम्पी संक्रमण से खाली हो रहे पशुपालकों के बाडों एवं छीन रही पशुपालकों की आजीविका पर चिन्ता जाहिर करते हुए बैजुबान गाय को विशेष रूप से लावारिस छोडी गई। गाय व गौवंश को त्वरित उपचार दिये जाने पर जोर दिया।

## संक्षिप्त

### आज व कल बिजली बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अजमेर विद्युत विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के कनिष्ठ अभियंता संदीप द्विवेदी ने बताया कि दीपावली मेंटेनेंस के कार्य करने के लिए सोमवार व मंगलवार को सुबह 6 से 10 तक तींजा वाला जीएसएस से, हॉस्पिटल फीडर में एमजी कॉलेज मीनू का मोहल्ला, इंदिरा विश्रामगृह, महावीर दल, बावड़ी आश्रम, बाईपास कृष्णा होटल, डेरारामसागर व मऊ जीएसएस से मऊ सिटी व इनके आसपास की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। शहर फीडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत के अनुसार दीपावली मेंटेनेंस अति आवश्यक होने के कारण होने वाली विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए विभाग को बहुत खेद है।

### प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**लालसोट/रामगढ़/पचवारा, (निसं)।** स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको सही प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल लालसोट एवं रामगढ़ पचवारा में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा किया जाएगा। रामगढ़ पचवारा एवं लालसोट में कुल खेल प्रतियोगिता में 262 टीमें भाग लेगी। इस दौरान नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र एवं पंचायत समिति लालसोट के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति के प्रधान कौशल्या मीणा, उप प्रधान कैलाश प्रसाद दुसाद, उप प्रधान सूरज कटारा आदि भी मौजूद रहेंगे।


**आम सूचना** दिनांक-11/9/2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती फरीदा बानो पत्नी श्री असलम अली, आयु 41 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी मकान नम्बर-415, गुलजार कॉलोनी, पाड़ा मण्डी के पास, दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर (राजस्थान) ने अपनी पुत्री नीशा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। मेरी अभिभाष्या की पुत्री नीशा आये दिन मेरी अभिभाष्या से लड़ाई-झगडा करती है, मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है एवं हैरान परेशान करती है एवं नशा करती है एवं मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि नीशा से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार, लेन-देन करेगा तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मेरी अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

जयपुर (पी.एम. खान) एडवोकेट


## मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा इनामी अपराधियों बगैर तफ्तीश प्रकरणों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा के निर्देशन एवं वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में थानाधिकारी रघुवीर सिंह के द्वारा फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की एक टीम गठित की गई।

जिसमें सहायक उप निरीक्षक रामसहाय, भंवरलाल, इन्द्रजीत सिंह, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, नारायण लाल, रामदेव, मुकेश कुमार, अजय कुमार को शामिल किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पालिका पार्षद के साथ मारपीट करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि फुलेरा निवासी श्रवण लाल वर्मा ने थाने पर मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि फुलेरा नगर पालिका में मेरे साथ मारपीट करने के साथ ही जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सिन्टू उर्फ सुनील कुमार पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी शिव मन्दिर के पास आकाश्या टीबा फुलेरा, ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र भागचन्द गुर्जर निवासी बाघपुरा थाना क्षेत्र नरैना, मदन लाल पुत्र भंवर लाल जाट निवासी डूडियो की ढाणी त्योद थानाक्षेत्र सांभरलेक को बान्दर सिन्दरी जिला अजमेर से वारदात के मात्र 24 में ही गिरफ्तार किया है।

## उपखंड पावटा सहित आसपास में लंपी रोग पांव पसार रहा

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में गोवंश में तेजी से फेल रहा लंपी स्किन डिजीज धीरे-धीरे अब अपने पांव पसार रहा है। पावटा सहित आसपास क्षेत्र में सैकडों गोवंश लंपी स्किन डिजीज का शिकार हो रहा है।

सरकार व स्थानीय प्रशासन की ओर से संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक दवा व अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं करवाने के कारण गायों में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। गौशालाओं की गायों में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। गौशाला संचालक गोवंश में तेजी से फैल रहे इस बीमारी से परेशान है। गौशाला संचालक एवं गौशाला

- स्वयं कर रहे गोवंश को बचाने का प्रयास

समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बिना सरकारी सहायता के अपने स्तर पर ही इस भयानक संक्रामक बीमारी के रोकथाम का प्रयास करने में जुटे हैं। देसी नुस्खों के सहारे गोवंश को इस बीमारी से बचाने में लगे है। गौशाला संचालको ने गौशाला की गायों को इस भयानक संक्रमक बीमारी से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा, संसाधन व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि इस बीमारी से गोवंश को बचाया जा सके। पावटा व आस पास के क्षेत्रों में स्थित गौशाला में गोवंश को लंपी स्किन डिजीज के संक्रमण से बचाने के लिए गोशाला में सैनिटाइजर का छिडकाव की भी मांग की है। वही गौ सेवको ने बताया कि पावटा श्री कृष्ण गौशाला में लंपी स्किन डिजीज से पीडित हैं जिन्हें अन्य गायों से अलग रखकर उनकी देखभाल की जा रही है। अन्य गायों में यह बीमारी न फैले इसके लिए गौशाला में समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से नीम, कपूर, लड्डू आदि अन्य देसी नुस्खों का उपयोग किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता दिन-रात गौ सेवा में लगे हुए हैं।

## रोडवेज बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत

- हादसे में 5 महिलाओं सहित 10 यात्री घायल
- पुलिस ने दुर्घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करवाया

**चाकसू, (निसं)।** थाना इलाके में नेशनल हाईवे 12 निमोड़िया कट पर सवारियों से भरी रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रॉली हाइवे पर पलट गई। हादसे में बस में सवार 5 महिलाओं समेत 10 यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी यशवंत सिंह बताया कि सवारियों से भरी बस कोटा से जयपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान नेशनल हाईवे 12 निमोड़िया कट पर रोड पार कर रहे ट्रेक्टर व रोडवेज बस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रॉली भी पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करवाया।

## स्टैंडिंग वारंटी गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पुलिस थाना के थाना अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ ने सीकर पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप, नीमकाथाना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव, रींगस के अधिकारी कन्हैयालाल के निर्देशन में विशेष टीम का गठन कर सन 2018 से फरार चल रहे मुलजिम राजेंद्र रैगर उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड 14 मूंडरू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## बजरी व पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की

**नारायणपुर, (निसं)।** पुलिस व खनन विभाग ने अवैध बजरी व पत्थर से भरे ट्रैक्टर-ट्रोली को जब्त कर अवैध खनन पर सयुंक्त रूप से कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो ट्रैक्टर-ट्रोली बजरी और पत्थर से भरकर आ रहे है। पुलिस ने बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को नीमडिया और पत्थर से भरे ट्रैक्टर-ट्रोली को बीएड कॉलेज खेंटा के पास से पकड़ा। पुलिस ने बजरी व पत्थर लाने के संबंध में उनके पास बिल्टी या कागजात नहीं मिलने पर पुलिस व खनन विभाग द्वारा ट्रैक्टर-ट्रोली को मौके पर जब्त कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की। खनन विभाग जेईएन कीर्ति यादव ने बताया कि अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रोली पर करीब 1 लाख 26 हजार 800 रूपये व पत्थर से भरे ट्रैक्टर-ट्रोली पर 26 हजार 7 सौ 60 रूपये का जुर्माना लगाया है।

